चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 285, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा'

## आपका ये प्यार कइयों की नींद खराब कर रहा है, उनके चेहर से हंसी गायब हो रही: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को वोट बैंक समझा जबकि भाजपा ने उनके कल्याण के लिए काम किया। मध्य प्रदेश के झाबुआ में अपनी तीसरी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और भाजपा के बीच आदिवासी समुदायों के प्रति दृष्टिकोण में भारी अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखा है लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने देश भर में आदिवासी समुदाय के जीवन को बदलने का काम किया है। मोदी ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में आदिवासी समुदाय का कांग्रेस से मोहभंग का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों में कांग्रेस विफल रही है। उन्होंने कहा, ह्रपिछले दिनों मैं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई आदिवासी साथियों से मिला हूं। हर जगह कांग्रेस के प्रति तीव्र असंतोष और भाजपा पर अभूतपूर्व विश्वास है। देश की महिलाओं से मिले जबरदस्त समर्थन के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने इसका श्रेय अपनी सरकार द्वारा किए गए परिवर्तनकारी कार्यों को दिया। उन्होंने कई वीडियो पर प्रकाश डाला जिसमें महिलाएं उनकी पहलों जैसे पक्के मकान, मुफ्त राशन, मुफ्त चिकित्सा उपचार, शौचालयों का निर्माण, घरों में नल के माध्यम से पानी का प्रावधान, बिजली कनेक्शन, विधायी निकायों में बेटियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी जैसे सकारात्मक बदलावों के लिए आभार व्यक्त करती हैं। मोदी ने कांग्रेस को वोट देने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया और कहा, कांग्रेस को वोट क्यों दें? आज मप्र का हर परिवार कह रहा है कि मोदी की गारंटी मतलब पूरा होने की गारंटी है।



### राज्य के विकास के लिए भाजपा की जीत जरूरी: पीएम मोदी

**पीएम मोदी कुछ** महीनों में लोकसभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनावों की सफलता को दोहराने का आग्रह किया, और राज्य के विकास के लिए भाजपा की जीत की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने तेजी से प्रगति के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया, इसकी तुलना कांग्रेस में आश्वासन की कमी से की, जो कि जहां भी वे सत्ता में रहे हैं, भ्रष्टाचार में वृद्धि, अपराध दर में वृद्धि और आर्थिक मंदी से जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेताओं की स्वार्थी प्रकृति की आलोचना की, जो लोगों के कल्याण पर व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देते हैं।

### 'जहां-जहां कांग्रेस आई, वहां-वहां तबाही लाई'



**पीएम मोदी** ने कहा, जैसे-जैसे 17 नवंबर की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे कांग्रेस के नेताओं के दांवों की पोल खुलती जा रही है। आज हमें पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते हैं। ये चुनाव है मध्यप्रदेश के विकास को डबल इंजन की रफ्तार देने का। नौजवानों, महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर देने का, कांग्रेस के लूट और भ्रष्टाचार के पंजे को फिर कभी भी मध्यप्रदेश की तिजोरी पर हाथ न लगा देने का। आपको याद रखना है कांग्रेस का पंजा छीनना जानता है, लूटना जानता है। जहां-जहां कांग्रेस आई, वहां-वहां तबाही लाई।

**राहुल गांधी ने 'मेड इन चाइना' को लेकर क्या कहा था?**
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को मध्यप्रदेश के हरदा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए 'मेड इन चाइना' को 'मेड इन मध्यप्रदेश' बनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा, आप मोबाइल फोन के पीछे देखो, शर्ट के पीछे देखो, जूते के नीचे देखो, आपको मेड इन चाइना दिखेगा। आपने कभी किसी कैमरे के पीछे, शर्ट के पीछे मेड इन मध्य प्रदेश देखा है? यह हम करना चाहते हैं।

## यूपीए सरकार ने बुंदेलखंड को दिया था 7000 करोड़ का पैकेज: राहुल गांधी



**भोपाल**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा सरकार पर पिछले यूपीए शासन के दौरान मंजूर किए गए बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए 7,000 करोड़ रुपये के पैकेज से पैसा खर्च करने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और दावा किया कि लोगों को इसमें से 1 रुपये भी नहीं मिला। गांधी मध्य प्रदेश के गरीब बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित टीकमगढ़ जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे।

**'सारा पैसा भाजपा के लोगों ने ले लिया'**
राहुल गांधी ने आरोप लगाया, यूपीए सरकार उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 7,000 करोड़ रुपये का बुंदेलखंड पैकेज लेकर आई थी, लेकिन आपको (जनता को) इसका एक रुपया भी नहीं मिला।

इसका पूरा (पैकेज) पैसा सिंचाई, किसानों, मजदूरों पर खर्च नहीं किया गया। सारा पैसा भाजपा के लोगों ने ले लिया।" उन्होंने मध्य प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर सूट-बूट पहनने वालों के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों के पास दो विकल्प हैं- अरबपतियों की सरकार जो केवल भ्रष्टाचार में लिप्त है या कांग्रेस जो किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारी और युवा के लिए काम करती है।

**'तोमर का बेटा करोड़ों की लेन-देन की बात करता है'**
गांधी ने लोगों से यह भी पूछा कि क्या उन्होंने केंद्रीय मंत्री (नरेंद्र सिंह तोमर) के बेटे का वीडियो देखा है।

## प्रदूषण के चलते जयपुर में रहेंगी सोनिया गांधी

**नई दिल्ली**
**कांग्रेस** संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को डॉक्टरों ने परामर्श दिया है कि वे अस्थाई तौर पर स्वच्छ हवा के लिए दिल्ली से कहीं बाहर शिफ्ट हों। इसके चलते उन्हें दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति में सुधार तक दिल्ली से जयपुर शिफ्ट होंगी। सोनिया गांधी वर्तमान में श्वसन संबंधित दिक्कतों का सामना कर रही हैं। ऐसे में डॉक्टरों ने उन्हें ऐसे स्थान पर जाने की सलाह दी है, जहां हवा स्वच्छ हो। दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 375 था, जो 'गंभीर' श्रेणी में है।

## नौसेना प्रमुख ने 'आत्मनिर्भरता' पर जोर दिया

**नई दिल्ली**
कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान की मेजबानी में 13-14 नवंबर को हुई ह्रभारतीय नौसेना की आत्मनिर्भर एयर आर्मह्ल विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का मंगलवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम मुख्यालय नौसेना विमानन के तत्वावधान में हुआ, जिसकी अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने की। उन्होंने इस मौके पर स्वदेशीकरण प्रयासों में योगदान देने के लिए तीन नौसैनिकों को प्रशस्ति से सम्मानित किया। नौसेना प्रमुख ने अपने मुख्य भाषण में समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों का मुकाबला करने में आत्मनिर्भर दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ह्रआत्मनिर्भर भारतह्ल पहल को भारतीय नौसेना ने अपने विमानन क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया है। देश के भीतर विमान निर्माण की दिशा में विभिन्न पुर्जों और महत्वपूर्ण घटकों के स्वदेशीकरण में तेजी आई है और भारतीय उद्योग की क्षमता उत्साहजनक रही है। उन्होंने कड़ी जांच लागू करने और एसओपी पर दोबारा गौर करके उड़ान सुरक्षा के महत्व और विमान दुर्घटनाओं में कमी लाने पर प्रकाश डाला। एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि विशेषज्ञों और प्रख्यात पैनलिस्टों ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए गहन विश्लेषण और रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यावहारिक पेपर प्रस्तुत किए।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर न्यूनतम छह महीने की सजा मिले: संसदीय समिति

**नई दिल्ली**
**संसदीय स**मिति ने सलाह दी है कि मिलावटी पदार्थ बेचने के दोषी को न्यूनतम छह महीने की सजा मिलनी चाहिए। साथ ही समिति ने 25 हजार रुपये जुमार्ना लगाने की भी सलाह दी है। भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने कहा है कि मिलावटी खाने का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है और इसके लिए जो सजा का मौजूदा प्रावधान है वह अपर्याप्त है।

**समिति ने दी सजा बढ़ाने की सलाह**
समिति का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ जनता को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसके लिए दी जाने वाली सजा नाकाफी है। संसदीय समिति ने मिलावट के दोषी को न्यूनतम छह महीने जेल की सजा और न्यूनतम 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने की सलाह दी है। बता दें कि मौजूदा कानून के तहत मिलावटी खाना बेचने की सजा अधिकतम छह महीने या एक हजार रुपये का जुर्माना या दोनों है।



**सामुदायिक सजा के प्रावधान की तारीफ की**
बता दें कि संसदीय समिति ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम विधेयकों के ड्राफ्ट का विश्लेषण किया और उसमें जरूरी बदलाव के लिए अपने सुझाव दिए।

## चैलेंज है कि चुनावी मैदान में हमारे काम पर चर्चा करें, सीधे पत्थर मारने वाली बातें नहीं: गहलोत

**कोटा**
मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा दुश्मनी वाली राजनीति करने लगी है। ये लोग धर्म के नाम पर लोगों को भड़काने लगे हैं। भाजपाई सीधे पत्थर मारने वाली बातें करते हैं। मैं चैलेंज देता हूं उनको, चुनावी मैदान में आए हो, तो हमारी जो उपलब्धियां, स्कीमें, महंगाई राहत शिविर में गारंटी के बारे में चर्चा करो। वहीं उन्होंने सरकार रिपीट के सवाल पर केरल का किस्सा सुनाया। मुख्यमंत्री गहलोत मंगलवार को कोटा दौरे पर रहे। सीएम गहलोत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ हेलीकॉप्टर से कोटा एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने यहां मीडिया से बात की। गहलोत एयरपोर्ट से सीधे घटोत्कच चौराहे पर पहुंचे। यहां उन्होंने कोटा दक्षिण प्रत्याशी राखी गौतम के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके साथ ही गारंटी यात्रा की शुरूआत की। इसके बाद गहलोत गारंटी यात्रा की बस में बैठकर केशवपुरा चौराहे पर पहुंचे। इसके बाद कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी शांति धारीवाल के समर्थन में रोड शो और सभा का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति में प्रेम, मोहब्बत, भाईचारा भी कोई चीज होती है। मोदी, अमित शाह या उनके जो नेता आते हैं, अभी योगी आएंगे। ये सीधे पत्थर मारने वाली बातें करते हैं। ये सब देश और राजस्थान के हित में उचित नहीं है, हम चाहते हैं शांति, प्यार मोहब्बत से अपनी बात करो। दम हो तो हमारी उपलब्धियां की आलोचना करो।



## भारत और नेपाल की साझी संस्कृति का प्रतीक है जौलजीबी मेला: सीएम धामी



**देहरादून/पिथौरागढ़**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को काली और गोरी नदी के संगम पर आयोजित 110 वर्ष पुराने जौलजीबी मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला भारत, नेपाल व तिब्बत के मध्य आपसी सौहार्द, व्यापारिक, सास्कृतिक व परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने जौलजीबी मेले के लोग रुपये 10 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान केएमवीएन ने काली नदी पर युवाओं के लिए आयोजित राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर इ लगाई गई विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर सभी स्टालों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चाकलेट देकर बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सांस्कृतिक मेला हमारी विलुप्त होती लोक विरासत को संरक्षण प्रदान कर रहा है और आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति से परिचित कराने का कार्य भी कर रहा है। राष्ट्र और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह सांस्कृतिक मेला, निश्चित रूप से हमारी आगामी पीढ़ी के लिए सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ करने का कार्य करेगा। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से हमारे राज्य के कलाकारों को भी एक मंच प्राप्त होता है और उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है। यह मेला धार्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में बहुत महत्व रखता है। यह मेला भारत एवं नेपाल देश के बीच संस्कृति, सभ्यता के साथ-साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाता आ रहा है। वे बचपन से ही यहां के रीति-रिवाज और संस्कृति को देखते आ रहे हैं तथा इस मेले से उन्हें बहुत लगाव रहा है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य की मति हो गई है भ्रष्ट, उनके बुद्धि के शुद्धिकरण की जरूरत : भाजपा

**रायबरेली**
**मां महालक्ष्मी पर** सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है। भाजपा नेताओं ने उनके बयान को लेकर उनके मानसिक संतुलन पर सवाल खड़ा किया है। भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष चंद कौशल ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बुद्धि शुद्धिकरण की जरूरत बताई है।

भाजपा नेता ने सपा नेता के बयान की निन्दा के लिए पार्टी कार्यकताओं की बैठक आहूत की। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या के बयान सनातन धर्म के प्रति समाज में विद्वेष पैदा करने वाले हैं। भारतीय त्योहारों और हिन्दू धार्मिक ग्रंथों पर लगातार उनके बयान से सामाजिक समरसता को खतरा पैदा हो रहा है। ब्राह्मण जाति पर उनकी टिप्पणी समाज में विद्वेष पैदा कर रही है। ऐसी दशा में उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जरूरत है। भाजपा नेता ने कहा कि उनके बयान से लगता है कि उनकी मति भ्रष्ट हो गई है। इसलिए उनके बुद्धि के शुद्धिकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनेता या सामाजिक व्यक्ति की ऐसी भाषा उनके मानसिक दिवालियापन एवं कुंठा को प्रदर्शित करती है। उनके परिवार के लोगों को उनका मानसिक इलाज कराना चाहिए। इस मौके पर विशेष रूप से राजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय पाल, मनीष कौशल, अमरेश पासी, राहुल पासी, शुभम साहू, ज्ञानेंद्र यादव, अरविंद शर्मा, ऊंचाहार भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, विनीत कौशल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग ने सभी पार्टियों को किया तलब

**नई दिल्ली**
चुनावी बांड योजना शुरू होने के बाद से इसके जरिये चंदा प्राप्त कर चुके सभी राजनीतिक दलों से चुनाव आयोग ने 15 नवंबर तक उन्हें मिले चंदों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दो नवंबर को चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह विभिन्न राजनीतिक दलों को 30 सितंबर, 2023 तक चुनावी बांडों के जरिये मिले चंदों का विवरण सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करे। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को तीन नवंबर को लिखे पत्र में आयोग ने प्रत्येक चुनावी बांड के दानदाता और प्रत्येक बांड की धनराशि का पूरा विवरण भी साझा करने को कहा है। आयोग ने पत्र में कहा कि इन विवरणों को दोहरे सीलबंद लिफाफों में भेजा जाना चाहिए।

# कांग्रेस सुरक्षा व विकास नहीं कर सकती तो फिर इस बोझ को ढोने से क्या फायदा: योगी

### योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में तीसरे दिन भाजपा के आठ प्रत्याशियों के लिए मांगा जनसमर्थन

**रीवा/छतरपुर/भिंड**
यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मध्य प्रदेश में धुआंधार जनसभा चल रही है। योगी आदित्यनाथ मंगलवार को तीसरे दिन यहां पहुंचे और आठ प्रत्याशियों के पक्ष में विकास के लिए कमल खिलाने की अपील की। सीएम योगी ने जहां शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की दौलत भाजपा को वोट देने की अपील की तो वहीं कांग्रेस के जनविरोधी क्रियाकलापों पर तंज भी कसा। सीएम ने कहा कि जो कांग्रेस सुरक्षा व विकास नहीं कर सकती, उस बोझ को ढोने का क्या फायदा। सीएम बसपा पर भी हमलावर रहे। उन्होंने लोगों से पूछा कि खजुराहो से लखनऊ जाते समय कहीं वसूली तो नहीं होती- मध्यप्रदेश की जनता ने एक सुर से कहा-नहीं। उन्होंने इसी सुशासन के बलबूते यहां फिर से कमल खिलाने का आह्वान किया। सेमरिया में सीएम योगी ने कई लोगों को भाजपा जॉइन कराई।




**मप्र में नहीं खुलना चाहिए हाथ और हाथी का खाता**
सीएम योगी आदित्यनाथ ने सेमरिया से विधायक व भाजपा उम्मीदवार केपी त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगा। सीएम ने पूछा कि अयोध्या का दीपोत्सव अच्छा लगा? कांग्रेस होती तो न दीपोत्सव मन पाता और न ही राम मंदिर बन पाता।

कांग्रेस सुरक्षा व विकास नहीं कर सकती तो फिर इस बोझ को सिर पर ढोने से क्या फायदा है। पीएम मोदी व 20 वर्ष में शिवराज सिंह चौहान ने विकास को बढ़ाया है, उसी का परिणाम है कि मध्य प्रदेश बीमारू से उठकर विकसित राज्य की ओर अग्रसर हुआ है। कोल समाज के पूर्वजों ने संकट के समय भगवान राम के सहयोगी बनकर चित्रकूट में शरण दी थी, भगवान राम ने 12 वर्ष तक रहकर उस क्षेत्र को अभय प्रदान किया। कांग्रेस ने कोल, थारू, चेरू, वनवासी व गिरवासी को सिर्फ गुमराह किया। पहली बार समाज के हर तबके के लिए बिना जाति-मजहब देखे पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास किया। सीएम ने कहा कि हाथ का पंजा दिखाकर कांग्रेस ने देश को बेवकूफ बनाने का कार्य किया है और बहन जी की हाथी का पेट इतना बड़ा है कि यह मध्य प्रदेश को हजम कर जाएगा। इन दोनों ने बहुत धोखा दिया है, इसलिये इन्हें महत्व देने की आवश्यकता नहीं है।

**यूपी में माफिया दूसरे लोक की यात्रा पर चले गए हैं**
राजनगर से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया व चंदला से दिलीप अहिरवार के समर्थन में पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने नगर पालिका परिषद का नाम लवकुश के नाम पर रखने पर हर्ष जताया। बोले कि पहले दुनिया भारत को महत्व नहीं देती थी, लेकिन 2014 के बाद दुनिया में भारत के प्रति आशा है। यह भारत नई राह दिखा रहा है।

# भगवान बुद्ध का विचार व्यावहारिक सामाजिक और देश के लिए समर्पित : स्वामी प्रसाद मौर्य

## अरबों खरबों की संपति कौड़ी के भाव बेच रही वर्तमान सरकार, बौद्ध एकता संघ द्वारा आयोजित बौद्ध महोत्सव में सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने सनातन पर किया कटाक्ष



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** अपना प्रकाश स्वयं बनो, इतना ज्ञान प्राप्त करो कि दूसरों को ज्ञान देने लायक बनो क्या सही है क्या गलत है इसमें जो चिंतन कर के अंतर कर सके वही ज्ञानी है। जो सच है व्यवहारिक है वही सनातनी है। जहां नारियों का सम्मान होता है सुख ,शांति, धन यस बैभव यस कीर्ति की प्राप्ति वहीं होती हैं । देश की आजादी में जिनका योगदान नहीं था वही आज देश को बांटने का काम कर के पाप के भागी बन रहे हैं। यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने कोरांव बाजार के लेडियारी रोड तिराहे पर बौद्ध एकता संघ के बैनर तले आयोजित बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुंह बाजू जंघे व पैर से बच्चा पैदा हो यह सनातन नहीं बकवास है, सभी धर्म के बच्चे मां के पेट से पैदा होते है यहीं सत्य और सनातन का पर्याय हैं। उन्होंने सूर्य पानी हवा अग्नि को सच्चा सनातन बताया। उन्होंने बौद्ध धर्म की विशेषता को बताते हुए कहा कि मानव मानव एक समान, इंसानियत व इंसान को महत्व देना ही बुद्ध का दर्शन है। उन्होंने उपस्थित लोगों से तथागत गौतम बुद्ध के बताए मार्गों का अनुसरण करने का आह्वान किया। मौजूदा सरकार पर तंज करते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव मौर्य ने कहा कि युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, महंगाई चरम पर है। जीएसटी कर से आमजनमानस त्रस्त है। आरक्षण व संविधान खतरे में है। रेलवे हवाई अड्डे भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे संस्थानों को औने पौने दामों में बेचकर युवाओं को बेरोजगारी के हालात में खड़ा कर दिया है। जिससे आज युवा दिशाहीन होकर रोजगार की तलाश में भटक रहा है। उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि समय बहुत करीब है सोच समझकर फैसला लेने का आह्वान किया। बौद्ध महोत्सव समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा जिसका इतिहास नहीं होता है वह गुलाम होता है। सत्य और सच बोलना कोई पाप नहीं है। उन्होंने भाजपा के अमृत कल की याद दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र जाति पांति की राजनीति को लेकर खतरे में आ गया है। उन्होंने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम की तरह तथागत गौतम बुद्ध को भी सम्मान मिलना चाहिए। समारोह को प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, रामकुमार कुशवाहा, अनूपा आदिवासी, जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, डॉ सुरेश कुमार मौर्य, नौसाद अंसारी,धनपत राम, डॉ अर्जुन सिंह कुशवाहा, अमरनाथ मौर्य प्रदेश महासचिव सपा उपेंद्र कुशवाहा सहित कई बौद्ध अनुयायियों व समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिवेणी प्रसाद सिंह व संचालन अनिरुद्ध कुशवाहा ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पवन सोनकर, रविंद्र जैसल, पवन सिंघाल पटेल, रामप्रवेश कुशवाहा, मुरारी लाल मौर्य, शशिकांत कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, सूर्यमणि कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, कपिल कुशवाहा, अखिलेश सिंह कुशवाहा, अनिल मौर्य, नरेश वर्मा आदि भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बौद्ध धर्म प्रेमी समेत हजारों की तादात में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## डांडी बाजार में स्वामी प्रसाद मौर्य का जोरदार स्वागत हुआ



**नैनी।** नैनी डांडी बाजार में सामाजिक कार्यकर्ता भागवत कुशवाहा के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद स्वामी प्रसाद मौर्य सामाजिक कार्यकर्ता भागवत कुशवाहा के डांडी बाजार स्थित आवास पर पहुंचे जहां उनके अनुयायियों ने जोरदार स्वागत किया व फूल मालाओं से लाद दिया गया। इस अवसर पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि तमाम सरकारी संस्थाओं एवं सामुदायिक उपक्रमों से मौजूदा सरकार ने निजीकरण के रास्ते पिछड़ों दलितों आदिवासियों शोषितों और वंचितों के आरक्षण को अजगर की तरह निगल लिया है। मौर्य ने जातिगत जनगणना का पूर्ण समर्थन किया एवं कहा कि केंद्र में सरकार बदलने और इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी एवं पिछड़ों और दलितों के आरक्षण की भी पुनः समीक्षा की जाएगी। एक अन्य खबरिया चैनल के पत्रकार द्वारा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगानाऔर मिजोरम के चुनाव पर प्रश्न किए जाने पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पांचो राज्यों में भाजपा साफ होने जा रहा है। इस दौरान स्वागत करने वालों में भगवत प्रकाश कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, राजेश कुमार सुमन संरक्षक भीम सेना, अयोध्या प्रसाद पाल प्रदेश अध्यक्ष भीम सेना, डॉ महेंद्र कुमार आर्य, तनवीर रोशन राष्ट्रीय महासचिव भीम सेना, राम अछैवर कुशवाहा, राजेश कुमार यादव सपा नेता, घनश्याम यादव, शत्रुघ्न यादव, हौसला यादव, जगत कुशवाहा, रामजी भारतीया, रमेश खरादिया, सविता कैथवास,मोहन लाल यादव,सुरेश कुशवाहा, राम मोहन यादव, कमलेश पाल, जगदीश पाल, देवेंद्र कुशवाहा, विमलेश, आकाश कुशवाहा, उत्कर्ष कुशवाहा, अहमद हुसैन, आदि लोग शामिल हुए।

## बाल दिवस पर जीवन दीप हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. लाल मियां ने बच्चों को दी पुस्तकें और उपहार



**करछना।** संगम समाज सेवा समिति रामपुर करछना प्रयागराज के तत्वाधान में जीवनदीप हॉस्पिटल रामपुर करछना के प्रबंधक डॉक्टर गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां के सौजन्य से दलित बच्चों के साथ धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया जिसमें बच्चों को कापी किताब पेन व मिठाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की डॉक्टर मुस्तफा ने कहा बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। शहजादुल हक ने कहा बच्चों की शिक्षा में जो मदद हो सकेगी मैं भी उसको करूंगा वही डॉक्टर अफजल बच्चो को अच्छी शिक्षा जरूर देना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर अफजल सहजादुल हक सुरूर फातिमा फैसल अमरीन अमन ब्रिजेश यादव सीमा पाल सरताज मंजीत केशव विश्वकर्मा कन्हैया लाल पाल आदि लोग मौजूद थे।

## रंगोली से सजे घर-आंगन व दरवाजे



**मांडा।** दीपावली पर्व के अवसर पर बीते रविवार को मांडा समेत क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में पटाखों,मिटाइयों और मूर्तियों की दुकानें सजी रही। जहां बड़ी संख्या में लोगों की खरीद दारी करने के लिए भीड़ लगी रही। क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में मांडा समेत भारतगंज, मांडा रोड, चिलबिला, नहवाई, हाटा, गिरधरपुर, खवासतारा, सुरवा दलापुर आदि बाजारों में दुकानदारों द्वारा सजायी गयी दुकानों पर देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही और बाजार गुलजार रहे। त्योहार के मद्देनजर पूजा सामग्री के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक सामानों की भी बिक्री खूब हुयी।उधर घरों में शाम होते ही रंगोलिया बनाई गई थी और दीपों से समूचा क्षेत्र जगमग हो उठा। वहीं बिना पटाखा लाइसेंस के दुकान दारो में हड़कंप मचा रहा और पुलिसिया कार्रवाई के भय से चोरी छिपे दुकानो पर पटाखे बेचे गए।

## मांडा प्रधान के दीघार्यु के लिए मंदिरों एवं मस्जिदों में टेका माथा



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत कुल 69 ग्राम पंचायत में मांडा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान को पैरालाईश होने की सूचना पर ग्राम पंचायत की जनता ईश्वर से दीघार्यु के लिए प्रार्थना की। बता दें कि विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत मांडा ग्राम प्रधान के कार्य प्रणाली को समाज सेवी नान बाबा पाण्डेय ने जाति,धर्म से परे बताया और कहा कि प्रधान डॉ असद अली गरीबों, मजलूमों ,शोषीतो, असहयो के मसीहा है। जिनकी चर्चा क्षेत्र के अलावा ब्लॉक मुख्यालय पर की जा रही कि हर कोई के जुबान पर यह था कि ऐसे प्रधान मांडा ब्लॉक मुख्यालय के 69 ग्राम पंचायतो में नहीं है इनकी एक अलग छबि है जो जनता के लिए समर्पित रहते हैं। मांडा क्षेत्र की जनता जिस तरीके से मौजूदा प्रधान की प्रसंशा की उससे साफ जाहिर होता है कि उनके तीन वर्ष के कार्यकाल में कोई भी उनके छवि को धूमिल नही कर सका। उनकी छवि धूमिल ना हो इस लिए उनके पुत्र मांडा प्रधान डॉ असद अली भी जनता की सेवा करने के लिए सदैव आगे रहते है। लेकिन एक माह से पैरालाईश की समस्या जैसे ही जानकारी ग्रामीणों को हुई तो हालचाल जानने के लिए उनके आवास पर तांता लगा रहा। ग्रामीणों ने उनकी दीघार्यु के लिए पूजा अर्चन कर मत्था टेका है।

## महिलाओं ने पूजा व फेरी लगाकर पति के लंबी उम्र की कामना की

**सहसों।** सोमवती अमावस्या पर सुहागिन महिलाएं पति एवं पुत्र के दीघार्यु की कामना के लिए पीपल वृक्ष में पूजा अर्चना कर परिक्रमा किया। अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं सोमवती अमावस्या पर भोर में स्नान ध्यान के पश्चात पीपल के वृक्ष में जलाभिषेक, पुष्प, अक्षत, हल्दी फूल के अतिरिक्त सुहाग की सामग्री चढ़ाकर पति एवं पुत्र के दीघार्यु की कामना किया। महिलाओं ने कच्चा धागा से पीपल वृक्ष में परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। सोमवार को ललचहां दुर्गा मंदिर, सिगरामऊ, बरहौ सेवार, रूदापुर आदि स्थानो पर भारी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए कच्चा सूत्र से परिक्रमा कर पति पुत्र के दीघार्यु व सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया।

## के.एल. कान्वेंट में बारा महोत्सव कल

**बारा।** के.एल. कान्वेंट स्कूल, बारा में बारा महोत्सव का आयोजन 16 नवंबर, गुरुवार को किया जा रहा है। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक, लोकगीत, लोकनृत्य एवम काव्यपाठ व गजल का कार्यक्रम मशहूर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अरुण सिंह ने लोगों के भारी संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## खेत पर दीपक जलाकर कर घर आ रही किशोरी के साथ युवक ने किया दुराचार

**मऊआइमा।** खेत पर दीपक जलाकर कर घर वापस आ रही किशोरी को एक युवक घर देखाने ले गया। वहीं पर पकड कर जमीन पर गिरा कर दुराचार किया।रोते बिलखते किशोरी परिजनों को बताई।उलहना देने पर परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना 12 नवम्बर को शाम के समय की है ?पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।तथा किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय लड़की खेत में दीपक जलाने शाम को गयी थी। आरोप है कि वहां गांव का एक तीस वर्षीय युवक मौजूद था।घर देखाने के बहाने घर में ले जाकर जमीन में पटख दिया और दुष्कर्म किया। पीड़िता रोते बिलखते घर पहुंच कर आप बीती बताई। परिजनों ने जब युवक के घर उलहना देने गए तो उन्हें गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की माता अपनी पुत्री को लेकर थाने आयी और दुराचारके आरोपी अजीत कुमार यादव पुत्र अमराज यादव,अजीत के भाई विनोद,पिता अमराज,माता नाम अज्ञात के खिलाफ दुराचार, पास्को एक्ट,जान से मारने की धमकी देने आदि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए हमराही कांस्टेबल अंकुर यादव,राज कुमार के सहयोग से कटभरपरमेजपुर मोड से मुख्य आरोपी अजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है तथा शेष आरोपियों की तलाश की जारही है।

## श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में हुआ कन्यादान



**प्रतापपुर।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक केशव कृष्ण महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया।इस अवसर पर गया प्रसाद मिश्र, सुभाष चंद्र मिश्र, हरिशचंद्र मिश्र जयशंकर मिश्र, जटाशंकर मिश्र, रामचंद्र मिश्र, मुन्ना पांडेय प्रधान, पिंटू मिश्रा प्रधान, अशोक मिश्र, कपिल मिश्र, सुरेश मिश्र, डॉ त्रिभुवन नाथ दुबे, दरोगा पांडेय, विजय शंकर तिवारी, ब्रह्मा तिवारी, कपिल देव तिवारी, कमलेश दुबे, संतोष चौरसिया, मुकेश दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फूलपुर पुलिस ने दो वांछित शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

### इफको कालोनी के साथ ही प्राथमिक विद्यालय में चोरी की हुई थी घटना




**फूलपुर।** करीब एक वर्ष पूर्व इफको कालोनी के साथ ही क्षेत्र के विद्यालय में हुई चोरी की घटना के दो नफर वांछित अभियुक्तो को फूलपुर पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक जोड़ी सफेद धातु का पायल बरामद हुआ। इफको कालोनी निवासी संजय वैश्य ने 26 नवम्बर 2022 को घर में चोरी होने की घटना का जिक्र करते हुए फूलपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं दूसरी घटना में गौसेसीपुर(ऊगापुर) निवासी धनीलाल ने प्राथमिक विद्यालय में चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन्द्रेश दूबे उर्फ रामू दूबे 34 वर्ष पुत्र विजय शंकर दूबे निवासी बरेस्ता कला थाना फूलपुर व अमित शुक्ला उर्फ बब्बू शुक्ला 23 वर्ष पुत्र राम प्रताप शुक्ला उर्फ फिरंगी निवासी बरेस्ता कला, थाना फूलपुर, को मंगलवार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया की पूर्व में दर्ज मुकदमे पर कार्रवाई करते हुए वांछित दोनों शातिर चोरों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आनंद भवन : कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को अर्पित की श्रद्धांजलि



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन कांग्रेसियों ने आनंद भवन प्रयागराज में उनके चित्र पर माल्यार्पण करके मनाया।1947 में भारत के स्वतंत्र राष्ट्र स्थापना से लेकर अपने अंतिम दिनों 1964 तक पंडित नेहरू भारत के संप्रभुत्ता, समाजवादी धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणतंत्र के वास्तुकार माने जाते थे। कश्मीरी पंडित समुदाय के साथ उनके मूल निवास की वजह से पंडित नेहरू भी बुलाए जाते थे। भारत के सपने को साकार करने के लिए पंडित नेहरू आगे बढ़े उन्होंने भारत के एक उपनिवेश से गणराज्य में परिवर्तित होने का परीक्षण किया विदेश नीति में भारत को दक्षिण एशिया में क्षेत्र नायक के रूप में प्रदर्शित कर निरपेक्ष आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। नेहरू के नेतृत्व में ही कांग्रेस राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय चुनाव में अपने को स्थापित कर चुकी थी।कांग्रेस पार्टी को पंडित मोतीलाल नेहरू और उनके पिताजी पंडित गंगाधर नेहरू थे जो शहर के बड़े बैरिस्टर बाद में आजादी के नायक बने पंडित नेहरू के समय इलाहाबाद के लोगों को हमेशा एहसास होता रहा को प्रधानमंत्री के नगर के हैं। नेहरू जी भी वही लगाव अपने विरोधियों के साथ भी रखते थे और कभी भी उनका काम पड़े या मिलना हुआ दिल खोलकर वह मिलते थे। पंडित नेहरू के जाने के बाद इंदिरा जी ने कमान संभाल ली।आनंद भवन परिसर में पंडित नेहरू के चित्र पर माला फूल चढ़ाकर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दिया और उन्हें याद किया। कांग्रेस के कार्यकताओं एवं नेताओं ने कहा कि प्रयागराज की गरिमा बहाल करने के लिए फिर से नेहरू परिवार यानी गांधी परिवार से किसी को 2024 की लोकसभा के चुनाव में लड़ाया जाए यह मांग कार्यकर्ता करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व न्यायाधीश सभाजीत यादव, अनुग्रह नारायण सिंह, संजय तिवारी, मुकुंद तिवारी, करमचंद, विनोद सुरेश चंद्र यादव, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, डॉक्टर सत्य पांडेय, किशोर वार्ष्णेय, हसीब अहमद, आलोक पांडेय, पिंटू, सुभाष पांडेय, राकेश पटेल, मनोज पासी, दिनेश सोनी, विजय यादव, दत्तात्रेय त्रिपाठी, धर्मराज पटेल, इरसा दुल्ला, अजय श्रीवास्तव, संतोष दुबे, सोनू, बजरंग लाल दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## याद किये गये पंडित नेहरू स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**करछना।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय जगौती में मनाई गई। कांग्रेस नेता पी सी सदस्य डाक्टर दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का दूरदर्शी सोच प्रखर तेज था। भारत को अर्श से फर्श तक देश को चहूं ओर से मजबूत कर पूरे विश्व पटल पर अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने सुई से लेकर जहाज तक का सपना साकार कर भारत में कई बड़े ऐतिहासिक कार्य किए जो पूरा देश देख रहा है।भारत को उच्च शिखरों पर देश को एकता और अखंडता के साथ भारत को मजबूत बनाया।साथ ही साथ कांग्रेस नेता, जिला सचिव नागेश पाण्डेय ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जयंती पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू जी के अथक प्रयास से इस देश में सभी समुदायिक वर्गों के लिए अनेक परियोजनाएं, कंपनियां, कालेज, अस्पताल जैसे बड़े से बड़े उद्योग कारखानों का निर्माण कर भारत को मजबूती से खड़ा किया। पूरा देश 14 नवम्बर को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जयंती पर बाल दिवस के रूप में मनाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू को नमन करने वालों में सर्व श्री..शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष, रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष, डॉ० दिनेश कुमार सोनी पी सी सी जिला महासचिव,विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट पूर्व महासचिव, ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट, महिला ब्लाक अध्यक्ष सरोज मिश्र, नागेश पाण्डेय जिला सचिव, सुरेश पटेल मंत्री,आशीष कुमार मिश्र एडवोकेट, रविराज सिंह एडवोकेट,अरूण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य, आनन्द पटवा, पवनेश कुमार सोनी, राजकुमार पटेल, दरोगा (बृजेश) पटेल, श्याम बाबू भारतीय,राममणि दुबे जी,जूली सिंह,खूशबू विश्वकर्मा,राजू मौर्य, कौशलेंद्र गौड़, संजय शुक्ल,पद्येद्र झा, संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर बच्चों ने किया धमाल, श्रद्धा से याद किए गए चाचा नेहरू



**बारा/शंकरगढ़।** प्रयास शिक्षण संस्थान शंकरगढ़ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। बच्चों ने खेल प्रतियोगिता समेत अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग किया। विजेता विद्यार्थियों को संस्थान के प्रबंधक रमेश केसरवानी ने मेडल पहनकर सम्मानित किया और चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों से पंडित जवाहरलाल नेहरू बहुत लगाव रखते थे, इस कारण उन्होंने अपना जन्मदिवस को बच्चों को समर्पित करते हुए बाल दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में गाड़ी दौड़ में स्नेहा केसरवानी, स्पेलिंग रेस में स्वाती शुक्ला, वर्ड मेकिंग रेस में नवीन त्रिपाठी, रंगोली प्रतियोगिता में अनन्या लूथरा, श्रुतलेख हिंदी आकांक्षा राठौर, श्रुतलेख अंग्रेजी सानवी केसरवानी, सुलेख में विशेष प्रताप सिंह, श्रेया केसरवानी, एक पैर की दौड़ में तृप्ति सिंह, मेढक- दौड़ में पीयूष केसरवानी, दीपक- दौड़ में राजवीर, बंदर- दौड़ में ओम तिवारी, आकाश- पाताल- पृथ्वी में आदित्य राज, नीर-तीर में मधुराम केसरवानी, अग्नि- दौड़ कृतिका सिंह, रस्सी- दौड़ पलक केसरवानी, जंपिंग- बाल अमर त्रिपाठी, बकेट- बाल प्रिया केसरवानी, रिंग फेक श्रेया केसरवानी, दौड़ में श्रद्धा राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षिका पूजा केसरवानी, हरिओम राठौर, पूजा तिवारी, अर्चना, शेष कुमार केसरवानी, सुनील द्विवेदी आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### ग्रसेनपुर प्राचीन हनुमान मंदिर से चोरी, भक्तों में आक्रोश



**प्रतापपुर।** सोमवार अर्ध रात्रि में प्राचीन महावीरन हनुमान मंदिर उग्रसेनपुर में दो अज्ञात चोरों ने मंदिर के अंदर घुसकर चोरी किया जो कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर में हुई चोरी से आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है भक्तों ने पुलिस से चोरों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।चोरी की घटना को अंजाम देते हुए चोरों ने मंदिर से चाँदी का मुकुट और दानपेटी तोड़कर पैसा उड़ा ले गए।चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।गांव के देवमणि मिश्रा के तहरीर पर दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हो गया है पुलिस चोरों की तलाश कर रही है लोगों का कहना है कि ऐसे कृत्य करने वालों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### ग्राम सचिवालय का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम सभा देवनहरी के ग्राम सचिवालय में 2 दिन पहले चोरों ने मौका देखकर रात में सचिवालय कच्छ का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैटररा, कंप्यूटर, प्रिंटर सहित आज कीमती सामग्री अज्ञात चोर उठा ले गए। सोमवार को सुबह जानकारी होने पर ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान को सूचित कर कार्यालय खोला तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कीमती सामान गायब मिला। घटना की लिखित तहरीर ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा थरवई पुलिस को देकर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### प्रसून सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल से बने कर्नल लोगों ने दी बधाई



**कोरांव।** विकास खंड कोरांव के बहियारी खुर्द गांव के रहने वाले प्रसून सिंह पुत्र इंद्र बहादुर सिंह को लेफ्टिनेंट कर्नल पद से कर्नल पद पर प्रोन्नति पाने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है। जाटव भी हो कि प्रसून सिंह के पिता इंद्र बहादुर सिंह वन विभाग में एसडीओ के पद से रिटायर हो चुके हैं इनका इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस प्रतिष्ठान भी तरांव कोरांव में चल रहा है। प्रसून सिंह फाइव राजपूत बटालियन दिल्ली में लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर कार्यरत थे। इसी में इन्हें अब कर्नल पद पर प्रोन्नति मिल गई है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने में वालों में प्रमुख रूप से इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस का संचालन देख रहे जय सिंह गहरवार, अजय प्रताप सिंह, शारदा प्रताप सिंह, पिंटू सिंह, मनीष वर्मा मोहम्मद गौस आदि लोग शामिल रहे।

### बाल मेले में बच्चों ने जमकर मस्ती की



**झूंसी।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में मंगलवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एसपी पांडे विद्युत, उप-खण्ड अधिकारी हनुमान गंज द्वारा फिता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यापक -अध्यापिकाओं द्वारा लजीज पकवानों अलग-अलग स्टॉल व बच्चों के लिए विविध प्रकार के झूले आदि की व्यवस्था की गई थी। जहाँ बच्चो ने खूब मस्ती की। विद्यालय के अध्यक्ष प्रो. जेपीएन मिश्र ने बच्चों को चाचा नेहरू के जन्मदिवस को इस रूप में प्रतिवर्ष मनाने और उनके कर्तव्यो के निर्विवाद निर्वहन के प्रति अग्रसर रहने पर जोर दिया। स्कूल समन्वयक अदिति सिंह अध्यापकों के साथ बाल मेले की व्यवस्था में लगी रही।

### अवंतिका विकास समिति ने भावना पाण्डेय को किया सम्मानित



**नैनी।** नैनी अवंतिका कालोनी की बाल प्रतिभा भावना पाण्डेय सुपुत्री प्रीती, जटाशंकर पाण्डेय ने केन्द्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय रोप स्किपिंग नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कालोनी का गौरव बढ़ाया है। एतदर्थ शीतला माई पार्क पीडीए कालोनी नैनी में अवंतिका विकास समिति और अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा द्वारा बालिका को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया और शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी। इस अवसर पर समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, महिला मंडल संयोजिका मीना जायसवाल, सह संयोजिका बिन्दू राठौड़, आशुतोष मिश्र, विजय राठौड़, आरती पाण्डेय, इन्द्रावती तिवारी, आशा सिंह, दीपा आदि मौजूद रहे।

### बस्ती के बच्चों के बीच केक काटकर मनाया गया बाल दिवस



**प्रयागराज।** मीरापुर में पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में बाल दिवस के शुभ अवसर पर मीरापुर के ककराह घाट स्थित हनुमान मंदिर परिसर के समीप आसपास रहने वाले बस्ती के बच्चों के बीच पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में बस्ती के लगभग 40 से अधिक बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री कॉपी पेंसिल रबर कटर इत्यादि वितरित किया गया कार्यक्रम में अरुण निषाद, सुभाष तिवारी, पुष्पा विश्वकर्मा, मधुमिता नाथ, कंचन मौर्य, शरद मालवीय, नीरज मौर्य, भारत पांडेय, अखिल कपूर समेत अन्य स्थानीय नागरिक एंव बच्चे उपस्थित रहे।

### ससुराल आए युवक की नहर की पटरी पर मिली लाश

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव स्थित नहर की पटरी पर दीपावली की देर रात रविवार को एक युवक मृत अवस्था में पाया गया। उधर से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ने पर पुलिस को जानकारी दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। सोमवार को शव की पहचान रुदापुर गांव निवासी ससुर जीतलाल ने अपने दामाद के रूप में किया। मृतक दामाद राम सुंदर (30) सैदाबाद के दुसौती गांव निवासी हैं। युवक की पत्नी अपने मायके रुदापुर में है। पत्नी से मिलने वह ससुराल आया हुआ था। एसीपी थरवई जंग बहादुर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### घातक साबित हो रहा बिना मेहनत मोटी कमाई का लालच

**प्रयागराज।** बिना मेहनत मोटी कमाई के चक्कर में युवा ऐसे जाल में फंस रहे हैं, जिससे मुक्ति पाना कठिन होता है। ऑनलाइन गेमिंग और ट्रेडिंग से पैसे कमाने का सपना घातक साबित हो रहा है। कर्ज में डूबकर तमाम युवक अपराध की राह पर बढ़ रहे हैं। कोई रास्ता नहीं सूझने पर कई युवक आत्महत्या भी कर चुके हैं। इंटरनेट के इस दौर में मोबाइल पर तमाम ऐसे ऑनलाइन गेमिंग एप हैं, जिन पर एक झटके में करोड़पति बनने का सपना दिखाया जाता है। गेम खेलने के लिए एडवांस बैलेंस दिया जाता है।जाल में फंसे लोग ठगी का अहसास होने तक में मोटी रकम गंवा चुके होते हैं। लाखों रुपये का कर्जदार होने पर कुछ समझ नहीं आता तो अपराध के दलदल में फंस जाते हैं।

# गृहमंत्री अमित शाह का बमरौली एयरपोर्ट पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

## भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में प्रयागराज जिले की जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गृहमंत्री अमित शाह का प्रयागराज बमरौली एयरपोर्ट पर आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में प्रयागराज जिले की जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने उन्हें अंगवस्त्रम पहनाकर अभिनंदन किया और आगामी होने वाले महाकुंभ के मेले के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने स्वागत के प्रति आभार जताया और आगामी लोकसभा के चुनाव में पूरी तरह से जुट जाने का संकेत दिया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि माननीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पर आए और लगभग 7 मिनट तक रहे



और मध्य प्रदेश रींवा जिले के देव तालाब विधानसभा के चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए प्रस्थान किया। उन्होंने इस दौरान सांसद रीता बहुगुणा जोशी से पूछा कि आप कैसी हो सांसद जी सब ठीक चल रहा है न। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केशरी देवी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष महानगर राजेंद्र मिश्रा, यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल पूर्व विधायक दीपक पटेल, आदि रहे।

## भरत मिलाप कल,तैयारियां जोरों पर

**मेजा।** व्यापार मंडल मेजा के तत्वावधान में 16 नवंबर को भरत मिलाप व दशहरा मेला का विशाल आयोजन किया गया है।जिसमें पूरे मेजा बाजार को 4 वार्ड में बांटा गया है।प्रत्येक वार्ड से चौकी, डीजे और लाइट का प्रदर्शन किया जाएगा। विजेता प्रतिभागी को मेला महासमिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने देते हुए बताया कि आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं। बल्ली,लाइट और साउंड का काम युद्ध स्तर पर जारी है। मेला महासमिति के पदाधिकारी योगेश जायसवाल, प्रवीण गुप्ता, पंकज मोदनवाल, राजू श्रीवास्तव आदि ने बताया कि भारत मिलाप कार्यक्रम में चौकियों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलाव लाइट और डीजे का भी प्रदर्शन होगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से मेले में आने की अपील की।



दीपावली महोत्सव पर्व पर श्री श्री महावतार बाबा जी वटवृक्ष के आध्यात्मिक आभामंडल में दीप प्रज्वलित करते क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज।

# धारदार हथियार से भतीजे ने चाचा पर किया हमला इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के छबीलहा गांव में पुरानी जमीनी रंजिश में भतीजे ने धारदार हथियार सेअपने चाचा पर चाकू से हमला कर दिया।वही इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घर पर शव को रखकर परिजन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। छबीलहां थाना उतरांव निवासी अनिल उर्फ पिंटू श्रीवास्तव उम्र 42 वर्ष जो किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वही जमीन को लेकर बड़े भाई से विवाद भी चल रहा था। दीपावली के दिन देर शाम को पुरानी रंजिश में दोनों पक्षों में आपसी कहा सुनी हुई मारपीट में भतीजे ने चाचा अनिल पर धारदार हथियार व चाकू से हमला कर दिया। वहीं हमले



में अनिल कुमार श्रीवास्तव लहूलुहान हो गए। परिजन आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा था। वहीं पुलिस ने सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचंद,शिवम श्रीवास्तव व सत्यम पुत्रगढ़ सतीश श्रीवास्तव व मंजू श्रीवास्तव पत्नी सतीश चंद व अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही थी। तभी बीती रात हमले में घायल अनिल कुमार श्रीवास्तव की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव घर लेकर



आए जहां कई घंटे से सरकारी सहायता व अन्य मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। जहां मौके पर एसीपी हंडिया सुधीर कुमार,हंडिया इंस्पेक्टर धर्मेंद्र दुबे, उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी समेत भारी पुलिस मौजूद रही। काफी देर बाद एसीपी हंडिया के आश्वासन के बाद परिजन माने। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन बेटियां प्रगती, उन्नति, वैष्णवी हैं। मृतक अनिल कुमार श्रीवास्तव की मौत से पत्नी दीप माला समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से चोरी की 02 ई-रिक्शा की बैटरी व 01 बैटरी चार्जर बरामद

**नैनी।** नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र सुभाष सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना औद्योगिक क्षेत्र में पंजीकृत मु0अ0सं0 213/23 धारा 379 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त अंकित शर्मा उर्फ दीपक कुमार शर्मा स्व. दयानन्द शर्मा निवासी अजवईया पूरा पाण्डेय थाना औद्योगिक क्षेत्र को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा सडवा कब्रिस्तान आईटीआई बाउण्ड्री के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी की 02 ई-रिक्शा की बैटरी व बैटरी चार्जर बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## एक पूर्व और एक वर्तमान कानूनगो सहित तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस किया गया दर्ज

**कोरांव।** तहसील कोराव में प्रायः किसी की जमीन फर्जी लिखने,या अपने नाम दर्ज कराने,जिंदा की मुर्दा दिखा कर दूसरे के नाम संपत्ति दर्ज कराने के मामले प्रकाश में आते रहे हैं किंतु राजस्व अधिकारी कुछ दिनों बाद उन्हें स्वार्थ में आकर बहाल करते रहते हैं। अभी एक मामला शांत नहीं हुआ कि दूसरा केस पुनः धोखा धडी का आ टपका। तहसील कोरांव के ग्राम देवघाट में तत्कालीन लेखपाल राजबहादुर सिंह पटेल और तत्कालीन कानूनगो रामाश्रय आदि द्वारा एक जिंदा महिला को मृतक दिखा कर अपने एक खास के नाम भूमि ट्रांसफर कर दिया था। जिसका कोरांव थाना के क्राइम संख्या 412/2021 में धरा 419, 420, 467, 468, 471, 506,आईओसी में चार लोगों के विरुद्ध दर्ज हुआ है। जिसकी विवेचना वर्तमान में एक उप निरीक्षक द्वारा प्रचलित है। जिसे डीसीपी यमुनानगर ने थानाध्यक्ष कोराव को 2 नवंबर को आरोप पत्र तत्काल न्यायालय भेजने और विधिक कार्यवाही का आदेश पारित किया है। यह मामला अभी खत्म नहीं हुआ कि उसी दोनो तत्कालीन लेखपाल राजबहादुर पटेल ग्राम सेमरी बाघराय थाना कोरांव वर्तमान में तैनात तहसील मेजा में कानूनगो एवं तत्कालीन रामाश्रय कानूनगो के सहित एक फ्राड कर फर्जी वसीयत के चलते दो लोग कोरांव के निवासी भूमि अर्जित करने हेतु ग्राम देवघाट जमुआ निवासी त्रिलोकी नाथ पटेल कृषक की भूमि उक्त अफसरों के रहमों क्रामसे अपने नाम करा ली। उक्त आदेश राजस्व और पुलिस द्वारा शिकायत पर न दर्ज कराए जाने के पश्चात सक्छम न्यायालय के हुक्म पर क्राइम नंबर 425/2023 धारा 419,429,467468, 471आईपीसी में दर्ज किया गया। इसी प्रकार ग्राम देवघाट में और भी कई मामले हैं जिन्हे पट्टे तो मिले थे लेकिन वर्तमान में जमीन कस्तकारों के नाम भू अभिलेखों में अंकित है। और पत्तेदार आज तक अपना पट्टा लिए जमीन की तलाश में दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। चर्चा है कि तहसील कोरांव में कुछ राजस्व कर्मियों के ऐसे संगठित गिरोह थे कि जिले का सर्वाधिक बड़ा क्षेत्रफल वाला ग्राम सभा के कारण ग्राम समाज की जमीनों लंबा घोटाला हुआ है। और जो कुछ सेश तथा वह दौरान चकबंदी में सैकड़ों बीघा जमीनें उधर से उधर करा ली गई। जिसके जल्द खुलासे होने वाले हैं। आज भी लोकल राजस्व कर्मचारी लोकल रिश्तेदारी के कारण ज्यादा जमीनों का फजीर्वाड़ा किया गया और ग्राम समाज की जमीनों को रिश्वत ले कर कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। जिसकी शिकायतें तहसील थाना जिला कचहरी तक विभिन्न किस्म के भू विवाद चल रहे हैं और इसी के चलते कई जानें भी जा चुकी हैं।

## डॉक्टर के मकान में शॉर्ट सर्किट लगी आग

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना 3 स्थित एक डॉक्टर के मकान में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लग गई। कमरे से धुंआ निकलना शुरू हुआ तब परिजनों को आग लगने की जानकारी हुई स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आवास विकास कॉलोनी योजना 3 सेक्टर 4 स्थित डॉ. एके गुप्ता के मकान के नीचे वाले हिस्से में बने एक कमरे में अचानक आग लग गई कमरे से धुआं उठने लगा तो दूसरी मंजिल पर रह रहे परिजनों को जानकारी हुई और परिजनों में खलबली मच गई आसपास के लोग भी जमा हो गए किसी तरह आप पर काबू पाया। आग में टीबी, कपड़े सहित करीब 50 हजार का नुक्सान बताया जा रहा है।



## पटाखें की चिंगारी से नगर निगम के कचरा प्लांट में लगी आग

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के तुलापुर स्थित नगर निगम के कचरा प्लांट में सोमवार की रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कचरे से उठती आग की लपेट व धुएं के गुबार को देख लोगों ने मामले की सूचना स्थानी पुलिस को दी। थाना प्रभारी दो दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे घंटो मसक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पूरी तरह आग पर काबू पाया गया। तुलापुर गांव के बाहर नगर निगम द्वारा करीब दो बीघे में कचरा प्लांट लगाया गया है। जहां पूरी झूंसी के गीले व सूखे कचरे को लाकर विस्तारित किया जाता है। सोमवार की रात 8 बजे के करीब प्लांट से आग की लपटे उठने लगी। मामले की जानकारी पुलिस के साथ फायर विभाग को दी गई। सकरा रास्ता होने के कारण बड़ी मुश्किल से दो दमकल की गाड़ियां प्लांट तक पहुंच सकी। चार घंटे बाद दमकल कर्मी कचरा प्लांट में लगी आग को पूरी तरह बुझा पाए। नगर निगम कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने पटाखे की चिंगारी से कचरा प्लांट में आग लगने की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि कोई भी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

## मधुमेह दिवस पर दिया गया लोगों को उचित सलाह

**सहसों।** हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सहसों बाईपास पर मंगलवार को मधुमेह दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्टी को संबोधित करते हुए डॉक्टर अमित यादव ने बताया कि मधुमेह में रोगियों को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर खून पेशाब की जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सक से उचित सलाह तथा संबंधित औषधि को समय-समय पर लेते हुए अपने स्वास्थ्य को अच्छे तरीके से स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सलाह देते हुए बताया कि ऐसे में रोगियों को संतुलित आहार, सुबह का टहलना एवं 20 मिनट का नियमित योग बहुत ही कारगर है। इस मौके पर डॉक्टर दिलीप, डॉक्टर राजेश पांडे, रामचंद्र, राजेश यादव, नीरज पांडे, राकेश यादव, सोहनलाल केसरवानी, हरिश्चंद्र सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हर घर जल-हर घर रोजगार की दिशा में बढ़े संगमनगरी की महिलाओं के कदम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अध्यात्म, संस्कृति, आस्था और विकास की संगम नगरी में जल जीवन मिशन की योजना ह्यहर घर जल-हर घर रोजगारह्ण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की योजना से जहां प्रयागराज में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है वहीं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। यहां के गांव-गांव में 41 महिलाएं पम्प आपरेटर के रूप में स्वच्छ पानी की सप्लाई के लिए प्रशिक्षित की गई हैं। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं जनपद के लगभग 20 लाख से अधिक ग्रामीणों तक पेयजल सप्लाई की बागडोर संभालने के साथ आत्मनिर्भर यूपी की नई इबारत लिखने जा रही हैं।राज्य में कुल 1 लाख 16 हजार से अधिक महिलाओं व युवाओं को पंप ऑपरेटर के कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनकी तैनाती इनके अपने ही गांव में होने से अब पानी की सप्?लाई में आने वाली बाधाओं को दूर करने में ये स्वंय ही सक्षम होंगे। जनपद प्रयागराज में महिला पंप ऑपरेटर अहम भूमिका



निभाएंगी। पंप ऑपरेटर महिलाएं भी गांव में पानी की सप्लाई, वोल्ट्ज मीटर, एम्पेयर मीटर लाइट, फिल्टर, मोटर पंप के रख-रखाव का उचित ध्यान रखेंगी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर योजना के तहत राज्य

- जल जीवन मिशन ने संगम नगरी प्रयागराज में दी खुशियों ने दस्तक
- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने हर घर जल योजना के तहत महिलाओं को सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी
- पम्प ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं ग्रामीण महिलाएं गांव-गांव में पीने के पानी की सप्लाई को सुनिश्चित करेंगी

की प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 लोगों को पंप ऑपरेटर कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं व महिलाओं को समय से रोजगार मिले इसके लिए विभाग द्वारा कंपनियों को इसकी जिम्?मेदारी सौंपी गई है। प्रशिक्षुओं को मिल रही निशुल्क टूल किटविभाग की ओर से प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को एक विशेष पंप ऑपरेटर टूल किट निशुल्क दी जा रही है। जिसमें 300 एमएम का पाइप,130 एमएम का वॉयर कटर, 200 एमएम का पिलर, 100 एमएम का स्क्रू ड्राइवर टू इन वन, विंच सेट और टेस्टर है।

# गोतस्कर गिरोह सरगना का दो करोड़ की रंगदारी मांगने में रिमांड मंजूर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गोतस्कर गिरोह सरगना और कौड़िहार से सपा ब्लॉक प्रमुख मो.मुजफ्फर पर दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मुकदमे में उसका रिमांड बनवा लिया गया है। नवाबगंज पुलिस ने वारंट भी नैनी जेल में तामीला करवा दिया है। ऐसे में अब उस पर शिकंजा और कस गया है। मामले में नामजद पांच अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। नवाबगंज थाने में बीडीसी राकेश यादव की ओर से आठ नवंबर को यह मुकदमा लिखाया गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्ट में अर्जी देकर रिमांड मांगा, जिसे मंजूर कर लिया गया। इसके बाद वारंट नैनी जेल में तामीला करा दिया गया। इस मुकदमे में दो करोड़ की रंगदारी व धमकी देने का आरोप लगाया गया है।वादी का आरोप है कि मुजफ्फर अपने आपराधिक इतिहास को छिपाकर चुनाव लड़ा और क्षेत्र पंचायत सदस्य बन गया। इसे लेकर उन्होंने कोर्ट में सदस्यता निरस्तीकरण याचिका दाखिल की है। आरोप है कि 21 सितंबर को तीन बजे दिन में कसारी नहर के पास मुजफ्फर ने रोककर धमकी दी। कहा कि याचिका वापस न लेने पर अंजाम खतरनाक होगा।यह भी कहा कि चुनाव व जमानत में दो करोड़ खर्च हुए हैं, जिसे जल्दी दे दो। ऐसा न करने पर जान से मार दिए जाओगे।



डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि नवाबगंज थाने में दर्ज मुकदमे में मुख्य आरोपी का रिमांड बनवा लिया गया है। अन्य चार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**राइफल से लैस होकर आए थे अन्य चारों आरोपी** : वादी का आरोप है कि रोककर रंगदारी मांगे जाने के दौरान ही एक अन्य वाहन से सुभाष पटेल, कृष्णा पाल, राजपाल यादव व जैद राइफल से लैस होकर आए। फिर कहा कि जैसा प्रमुख ने कहा है वैसा ही करो। ऐसा न करने पर परिवार समेत खत्म करने की धमकी दी।

**बुरका पहनकर चकमा देने का किया था प्रयास** : सोरांव में दर्ज गोकशी के मामले में मुजफ्फर 15 अक्तूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एक दिन पहले उसे बमरौली स्थित एक गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस से बचने के लिए उसने बुरका पहन लिया था, लेकिन उसकी यह कोशिश नाकाम रही थी। पुलिस ने उसे इसी वेशभूषा में उठा ले गई थी। अंतरराज्यीय गोतस्कर गिरोह सरगना मुजफ्फर पर अलग-अलग जनपदों में 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पांच महीने पहले भी पूरामुफ्ती थाने में उस पर व उसके छह भाइयों पर एक करोड़ की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ था। फतेहपुर में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में शर्तों के उल्लंघन पर पुलिस ने उसकी जमानत निरस्त कराने के लिए भी लिखापढ़ी की है।

# नैनी कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग आरोप से जुड़े आरोपी किये गए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में अपराधियो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है अलग अलग स्थानों पर दबिश घेराबन्दी कर कुल चार आरोपियो को गिरफ्तार कर संवैधानिक कार्यवाही किये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़े गये आरोपियो में एक अवैध असलहा के साथ पकड़ा गया शेष अभियुक्तगण जुआ खेलने के जुर्म से जुड़े है। उक्त कार्यवाही एसीपी करछना के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली यश पाल सिंह द्वारा दो टीम गठित की गई जिसमे से एक टीम का नेतृत्व कर रहे दरोगा परमानंद सिंह व मनोज कुमार सिंह और कई सिपाही के साथ क्षेत्र में सुरक्षा गश्त में लगें हुये थे तभी चकिया पडान जग्गी भवन चकतेऊ दीक्षित के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस के साथ सुरेंद्र नाथ पुत्र स्व0 रमाकांत निवासी चकिया पडान जग्गी नैनी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में नैनी थाना दरोगा संदिप यादव द्वारा मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर हरिजन बस्ती त्रिवेणीनगर थाना क्षेत्र नैनी से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्त 1. विजय कुमार पुत्र राज कुमार निवासी 20 त्रिवेणी नगर हरिजन बस्ती थाना नैनी 2. वशीम पुत्र शहाबुद्दीन निवासी चन्दौसी थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल पता हरिजन बस्ती त्रिवेणी नगर थाना नैनी 3. गोलू भारतीया पुत्र राम दुलारे भारतीया निवासी 60 त्रिवेणी नगर थाना नैनी को गिरफ्तार किये पुलिस के मुताबिक अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से जामातलाशी के 470 रुपये, माल फड़ से 2110 रुपए व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुए।उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के के संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 591/23 धारा 13 जुआ एक्ट पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तीयां ब्लाक स्तर पर, तिथियां हुई निर्धारित

**प्रयागराज।** कंपनी के डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया है कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेंगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 17/11/2023 सोरावं ब्लाक ,18 मऊआइमा ब्लॉक,20 कौडिहार ब्लॉक,21 होलागढ़ ब्लॉक, 22 श्रृंगवेरपुरमधाम ब्लॉक, 23 भगवतपुर ब्लॉक,25 प्रतापपुर ब्लॉक, 28 हंडिया ब्लॉक, 29 धनूपुर ब्लॉक, 30 सैदाबाद ब्लॉक, 01/12/2023 फूलपुर ब्लॉक, 02 बहरिया ब्लॉक, 04 बहादुरपुर ब्लॉक,05 सहसों ब्लॉक,06 शंकरगढ़ ब्लॉक 07 जसरा ब्लॉक, 08 करछना ब्लॉक ,09 चाका ब्लॉक, 11 कौधियारा ब्लॉक, 12 मेजा ब्लॉक, 13 उरूवा ब्लॉक,14 कोरांव ब्लॉक,15 माण्डा ब्लॉक निर्धारित किया गया है । उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। भर्ती अधिकारी श्री राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 21 से 36 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथियां अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 500 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, समय समय पदोन्नति एवं राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है। विशेष जानकारी के लिए संस्था के अधिकृत वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# बाल दिवस पर दलित बस्ती पहुंचे कांग्रेसी, बच्चों को बांटा स्टेशनरी

## कार्यालय पर मनाई गई पं0 जवाहरलाल नेहरु की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया जिसका संचालन कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया।


बच्चों को स्टेशनरी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी।

कार्यक्रम के बाद चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर दलित बस्ती माल गोदाम रोड पर बच्चों को स्टेशनरी का सामान देकर पढ़ने के लिए उत्साहित किया। जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत को शून्य से शिखर पर ले जाने वाले चमत्कारी आधुनिक भारत के निमार्ता लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी हमारे प्रेरणा स्रोत थे। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने चाचा नेहरू के बताए रास्ते पर चलने देश की एकता के लिए सबको साथ रहने को कहा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉक्टर प्रशांत देव शुक्ला ने कहा कि पंडित नेहरू जी के प्रगतिशील विचारों से तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत के सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया। सेवा दल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा जवाहरलाल नेहरू ने देश के नागरिकों को भेदभाव के बिना एक साथ रहने देश के विकास के लिए काम करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, शिवम मिश्रा जिला चेयरमैन सूचना का अधिकार विभाग, उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, उमेश तिवारी, इश्तियाक अहमद, अवध राज यादव, विश्वास सिंह, अजीत सिंह, दानिश महबूब, चंचल प्रजापति, धर्मेंद्र मिश्रा, रामधन यादव, सुरेश मिश्रा, आशुतोष तिवारी आदि कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर बिफरे वकील, कामकाज का किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में पेयजल समस्या तथा शौंचालयों में गन्दगी को लेकर वकील मंगलवार को खफा हो उठे। दीपावली के बाद मंगलवार को वकील तहसील पहुंचे तो शौंचालयों में ताला तथा वाटर एटीएम ठीक न देख नाराज हो उठे।

वकीलों ने समस्याओं के समाधान को लेकर अफसरों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कामकाम का बहिष्कार कर दिया। इसके कारण तीन दिनों के अवकाश के बाद तहसील पहुंचे वादकारी न्यायिक कामकाज बाधित देख निराश लौटते दिखे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया।

समाधान दिवस पर लालगंज बाजार में अतिक्रमण तथा परिसर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने के बावजूद अफसर मौन साधे हुए हैं। महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समस्याओं का समाधान न हुआ तो अगले सप्ताह से अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन तेज करेंगें। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, टीपी यादव, राममोहन सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पांडेय, आशीष तिवारी, प्रमोद सिंह, केबी सिंह, शिवप्रसाद यादव, पारसनाथ सरोज, मो. ईसा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्र, शहजाद अंसारी, दिनेश मिश्रा, शिवनारायण शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, दीपेन्द्र तिवारी, केशवकान्त उपाध्याय, सुरेश मिश्र मदन, राहुल मिश्रा, हेमन्त पांडेय, मनीष क्रांतिकारी, अखिलेश द्विवेदी, प्रवीण यादव, हरिशचंद्र पांडेय, सुशील शुक्ला, आदि अधिवक्ता रहे।

# विवाहिता की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर ससुराल वाले उसका शव जलाने का प्रयास कर रहे थे तभी पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस के पहुंचते ही ससुरालवाले भाग खडे. हुए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के बाद जब ससुराल वाले शव को जलाने जा रहे थे तभी पुलिस को सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शव को जलने से पहले ही अपने कब्जे में ले लिया।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के किलाई गांव निवासी कृष्ण कुमार

## हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

गौतम की शादी लगभग 15 वर्ष पहले सीता देवी उम्र (35) वर्ष रामनगर उपधान गांव निवासी थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर से हुई थी रविवार की दोपहर सीता देवी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना महिला के मायके वालों को बिना सूचित किया शव को दोपहर 3:00 बजे की करीब जगदीशपुर घाट थाना सिंगरामऊ पहुंच कर शव का अंतिम संस्कार करने पहुंच गए घटना की सूचना मायके वालों को किसी तरह हो गई।

मायके वालों ने तत्काल ही आसपुर देवसरा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह हमराहियो के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस को देखते ही ही घाट पर मौजूद ससुराल वाले भाग खड़े हुए पुलिस ने सीता देवी की चिता से ऊंची ऊंची आग की लपटे उठ रही थी कि आनन फानन में पुलिस ने तत्काल किसी तरह जलती चिता की आग पर काबू पाया जब तक महिला का शव पुलिस कर्मी निकाल पाते तब तक सीता देवी का आधे से ज्यादा जल चुका था सीता देवी की बची हुई शरीर को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज कर मामले की पड़ताल में जुटी। मायके वालों ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। मामले में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बाल दिवस पर हुआ बाल भोज, मेले में उमड़ी भीड़

## बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की तरफ से जरूरतमदों के लिए किया गया आयोजन


बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** असहाय और जरुरतमंद बच्चों के लिए मंगलवार को भंगवा में निशुल्क स्टडी सेंटर पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स, बीबीएफजी की तरफ से आयोजित बाल भोज में काफी भीड़ रही। दूर दराज से आए सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भोजन किया और मेले का आनंद लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कोचिंग डिपो अधिकारी (सीडीओ) दिनेश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बच्चा बैंक जरूरतमंद छात्रों की मदद कर रहा है। यह अच्छी बात है। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान रोहित ने कहा कि बाल भोज का आयोजन अपने आप में अनूठा प्रयास है। जिले में ऐसा पहला आयोजन हुआ। जिसमें हजार से ऊपर छात्र छात्राओं ने भोज किया। ग्रुप के सहयोगी अश्वनी केसरवानी ने कहा है यह ग्रुप असहाय छात्रों की मदद को सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जान मोहम्मद ने की। संचालन वीके तिवारी ने किया। बाल भोज में रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, समाजसेवी और बसपा नेता डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी, प्रधान तौहीद अहमद, राजदीप शुक्ला, प्रमुख सुनील केसरवानी का सक्रिय योगदान रहा।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाल दिवस के अवसर पर पट्टी तहसील क्षेत्र के नौलाखी देवी सोमवंशी इंटरमीडिएट कॉलेज में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें से 201 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजक अध्यापक मुकेश कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा तीन श्रेणियां ए, बी और सी श्रेणी में विभाजित थी ए जूनियर श्रेणी में 40 बी श्रेणी में 94 और सी श्रेणी में 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया उन्होंने बताया कि परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद संस्था की तरफ से प्रथम द्वितीय तृतीय सहित सर्वोच्च अंक पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।


सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

# पटाखा दगाने में चार युवक लहूलुहान, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** दीपावली पर्व पर पटाखा दगाने के दौरान चार युवक लहूलुहान हो गये। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। सांगीपुर थानान्तर्गत पूरे पण्डित गांव के पचीस वर्षीय रजनीश तिवारी पुत्र परशुराम तिवारी क्रोधी, पूरे नरायनदास निवासी छब्बीस वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद सरोज पुत्र लल्लन सरोज व मुरैनी निवासी अठारह वर्षीय मोनू वर्मा पुत्र अंजनी वर्मा तथा ऊछापुर उदयपुर निवासी छब्बीस वर्षीय शिवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह दरवाजे पर पटाखे दगाने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गये। आननफानन में परिवार के लोग सभी घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले आये। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

# धर्म और मोक्ष कर्म से मिलता है: दिनेश त्रिपाठी

## बिग बी के पैतृक गांव बाबूपट्टी में बही भक्ति रस गंगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के पैतृक गांव बाबूपट्टी में श्री रामायण सत्संग समिति के 67वें वर्षगांठ का आयोजन किया गया, जिसमे व्यासपीठ पर विराजमान मानस मार्तंड पंडित दिनेश त्रिपाठी ने भगवान श्री कृष्ण के बारे में एवम धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया।


पंडित दिनेश त्रिपाठी का माला पहनाकर स्वागत करते श्रद्धालु।

मानस मार्तंड पंडित दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मनुष्य को चार वस्तुएं जीवन में मिलती हैं जिसमे पैसा और पत्नी प्रारब्ध से शेष दो वस्तुएं धर्म और मोछ कर्म से मिलता है। मानस मर्मज्ञ राम भद्र ने कहा की भजन शब्द में कोई मात्रा नही है इस लिए भगवान के भजन की कोई सीमा नहीं है जबकि भोजन में मात्रा है इसलिए भोजन को एक निश्चित मात्रा में ही करना चाहिए। इस अवसर पर पंडित कृष्ण कुमार मिश्र ने राम नाम की महिमा की बखान की। कार्यक्रम का संचालन पंडित चंदीसहाय मिश्र ने किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक पुरुषोत्तम द्विवेदी एवम कुलदीप श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान पंकज शुक्ला, आशाराम मिश्र, श्यामलाल मिश्र, ऋषभ द्विवेदी, विवेक मिश्र एवम अन्य उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे के निर्देश पर उ0नि0 उमेश प्रताप सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मानिकपुर के मु0अ0सं0 298/23 धारा 376एबी, 323, 504 भादवि व धारा 5 एम/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मनीष सोनकर पुत्र गेंदालाल नि0ग्राम बभनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# प्रेमी युगल ने रचाई शादी, लोगों में तरह तरह की चर्चाएं

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जयशंकर प्रजापति निवासी भनईपुर थाना आसपुर देवसरा के निवासी हैं। इन्होंने एक लड़ लड़की को अपना दिल दे दिया। प्रेमिका अंतर्जनपदीय बहादीपुर थाना मछली शहर जौनपुर की रहने वाली है जिसके बाद ये दोनों करीब दो साल से एक साथ में रहने लगे। लोगों में चर्चाएं है कि लड़का लड़की अलग-अलग बिरादरी के है। इनके पास करीब आठ महीने का एक लड़का भी है। अब जाके ये लोग तेलियानी अमरगढ़ में स्थित एक मैरिज हाल में शादी रचाया। इस शादी में करीब सैकड़ो लोग जुटे रहे, जिसमें क्षेत्र के कई संभ्रांत व्यक्ति फक्कड़ दुबे, बृजलाल, बीडीसी मनोज यादव भनईपुर, संजीव, सन्तोष जायसवाल, अनु सिंह बैजलपुर प्रबंधक जयनाथ मानव इंटरमीडिएट कॉलेज बैजलपुर उपस्थित रहे।

# होमगार्डो जवानों का जत्था विधान सभा चुनाव के मध्य प्रदेश को रवाना


पुलिस लाइन में मौजूद होमगार्ड जवान।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कमांडेट डा0 धीरेन्द्र पांडे व अपर पुलिस अधीक्षक ने पांच बसों से किया रवाना विधान सभा निर्वाचन मध्य प्रदेश 2023 हेतु जनपद प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से 13 नवम्बर 23 से 19 नवम्बर 23 तक के लिए 160 होम गार्ड जवान मध्य प्रदेश के सागर जिला हेतु रवाना हुए।

जनपद प्रतापगढ़ से 16 होमगार्ड कंपनी से चुस्त दुरुस्त अनुशासित होमगार्ड को चयनित करके जिला कमांडेंट डॉ0 धीरेंद्र कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद सागर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए विधानसभा निर्वाचन मध्य प्रदेश 2023 हेतु कंटिजेंट इंचार्ज बी०ओ० सुधीर कुमार, बी0ओ0 राजेश कुमार पाल जवानों के साथ रवाना हुए। जिला कमांडेंट डॉ0 धीरेंद्र कुमार पांडे व अपर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा समस्त 160 होमगार्डस को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में ब्रीफ करके आवश्यक दिशा निर्देश देकर मध्य प्रदेश निर्वाचन ड्यूटी हेतु 13 नवम्बर 2023 को पांच बसों में रवाना किया गया। जिला कमांडेंट प्रतापगढ़ के निर्देशन में समस्त होमगार्ड को एकरूपता की दृष्टि से बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया जिनकी पूरे प्रदेश में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में कंपनी कमांडर शैलेंद्र कुमार शुक्ला प्लाटून कमांडर एहसान अहमद राजेश सिंह दीपक कुमार शैलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा, गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर घात लगाकर जानलेवा हमले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा जानलेवा धमकी समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बंशी निवासी स्व. इंद्रकान्त शुक्ल के पुत्र नितिन कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह नवम्बर को वह दिन में करीब ढाई बजे अपने घर जा रहा था।

रंजिश को लेकर गांव के ही आरोपी स्व. मिठ्ठलाल के पुत्र गिरधारी सरोज ने घात लगाकर उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी के लोहे के नुकीले वार से हमले में युवक के सिर तथा माथे व हांथ पैर में गम्भीर चोटें आ गईं। आरोपी गाली देते हुए युवक को जान से खत्म करने की धमकी देने लगा। घायल युवक की चीख सुनकर आसपास के लोग बचाव को दौड़े तो आरोपी धमकी देते चला गया। लहूलुहान युवक को पुलिस ट्रामा सेंटर ले गयी। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गिरधारी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में सोमवार की रात केस दर्ज किया। मामले में आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेने में घटना के दूसरे दिन सफलता हासिल कर ली। दरोगा केशव फोर्स के साथ मंगलवार को गस्त पर निकले थे। पूरेबंशी सलेमभदारी रोड पर आरोपी गिरधारी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के पास से हमले में प्रयुक्त किए गए धारदार हथियार को भी पुलिस ने उसके पास से बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# मिठाई व पटाखों की जमकर हुई बिक्री

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भगवान राम के चैदह वर्ष वनवास काटकर लौटने पर अयोध्या मे मिट्टी के दिये जलाकर पटाखा दगा कर मिठाई के साथ खुशिया मनाई गई और मां लक्ष्मी की पूजन अर्चन किया तभी से यह परम्परा दीपावली के रूप मे मनाई जाती है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजार परियावां, आलापुर, लवाना, कालाकांकर अदलाबाद के ग्रामीण क्षेत्रो मे बड़े ही हर्षोल्लास के ग्रामीणो ने मनाया जिसमे मिठाई व पटाखों की जमकर खूब बिक्री हुई शाम को घरो व प्रतिष्ठानो मे मां लक्ष्मी के साथ गणेश व कुबेर जी की पूजा अर्चना की गई। सुरक्षा को देखते हुए नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने उप निरीक्षकों व हम राही के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों का भ्रमण करते दिखाई दिये। शांति पूर्ण ढंग से त्योहार के सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# बोलेरो की टक्कर से रिक्शा चालक की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने ई रिक्शा चालक को टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना आज करीब दो बजे संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर रसूलपुर तिराहे की है। पुलिस ने रिक्शा चालक का शव पीएम के लिए भेजा है। पुलिस शव की शिनाख्त कर रही है।

# पटाखे से दर्जन भर लोग झुलसे

## राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती हैं 10 लोग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दीपावली पर पटाखे की धूम ने दर्जन भर लोगों को झुलसा दिया है। इसमें से दस लोगों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। पटाखे से झुलसने वाले लोगों में अंतू थाना क्षेत्र के अधारपुर निवासी 19 वर्षीय अनिल, इसी थाना क्षेत्र के 18 वर्षीय महेन्द्र कुमार हैं। इसके अलावा कंधई निवासी 55 वर्षीय शंकर लाल सोनी, जेठवारा क्षेत्र के 34 वर्षीय फिरदौस जहां व 65 वर्षीय लालमणि, 20 वर्षीय अनिल, 24 वर्षीय प्रेम सिंह, 26 वर्षीय अभिमान सिंह, 25 वर्षीय आशीष के अलावा कोंहडौर में तीन माह की रोशनी पटाखे से झुलसने वालों में शामिल हैं जिनका इलाज चल रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी पटाखों से लोग छिटपुट ढंग से झुलसे हैं जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ का फरार आरोपी धराया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लगभग ढ़ाई माह पूर्व हुई पुलिस मुठभेड़ के फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। ढ़ाई माह पूर्व लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार में आरोपियों के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई थी। पुलिस की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत मुठभेड़ को लेकर गम्भीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने मुठभेड़ के दिन ही लालगंज कोतवाली के खानापट्टी निवासी आरोपी सलमान को हिरासत में लेने की सफलता ली थी। एक आरोपी जलेशरगंज का अब्दुल सकूर का पुत्र सद्दाम उर्फ मो. सफीक मुठभेड़ के दिन फरार हो गया था। मंगलवार को निरीक्षक विजय कान्त सत्यार्थी तथा दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। कोतवाली के पनखरी गांव के पास आरोपी सद्दाम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया। पुलिस द्वारा मुठभेड़ के फरार आरोपी को हिरासत में लिए जाने को लेकर अफसरों ने कोतवाली पुलिस की पीठ थपथपाई है।

# हण्डौर पूरे दुबान में चल रही रामलीला का मंचन देख मुग्ध हुए दर्शक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** रामलीला समिति हण्डौर के कलाकारों द्वारा सूर्पनखा की नाक कटने, सीताहरण आदि का मंचन किया गया। कलाकारों का सजीव मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध दिखे। जय मां वीणावादिनी रामलीला समिति हण्डौर के तत्वाधान में चल रही रामलीला के मंचन के दृश्य में राक्षसी सूर्पनखा वन में लक्ष्मण के पास पहुंचकर उसके सम्मुख विवाह का प्रस्ताव रखती है। बहुत समझाने पर भी उसके न मानने पर लक्ष्मण सूर्पनखा की नाक काट लेते हैं। रोती बिलखती सूर्पनखा अपने भाई खरदूषण के पास पहुंचती है। कलाकारों द्वारा किये गये मंचन में भगवान श्रीराम के द्वारा खरदूषण का वध, रावण द्वारा मारीचि के सहयोग से सीताहरण आदि दृश्यों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। राम की भूमिका में श्याम तिवारी, लक्ष्मण के किरदार में अंकित व सीता बने सूरज दुबे, रावण के रूप में भारत लाल कनौजिया व मारीचि बने शिवसम्पत वर्मा के अभिनय को दर्शकों ने सराहा। इस मौके पर सोनू यादव, कमल मिश्र, कुलदीप तिवारी, राजेश दुबे, सूरज तिवारी, अरूण तिवारी, धीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पुरातन छात्र परिषद सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कस्बा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज सभागार में प्रतिवर्ष की भांति पुरातन छात्र परिषद सम्मेलन समारोहपूर्वक आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्रों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि डा. अमित यादव, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों में गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ ही संस्कार देने में भी अग्रणी है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद पुरातन छात्रों ने पठन पाठन के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि जीवन में लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सबसे सुगम मार्ग विद्यालय होता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से तमाम पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संतोष मिश्र, महामंत्री विष्णु कुमार सिंह, व्यापारी रजनीश सिंह, बालकृष्ण गुप्ता, केके सिंह आदि ने भी अपने विचार साझा किये। शिवेन्द्रमणि दुबे ने आभार जताया। इस मौके पर उमेश पाल मिश्र, केशवराम ओझा, दीपेन्द्र ओझा, महर्षि पाण्डेय, रजनीश सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अम्बरीश मिश्र, राजीव प्रजापति, शिवदर्शन मिश्र, मधुकर, अरूणेश सिंह, अखिलेश सिंह, हर्षित सिंह आदि मौजूद रहे।

# सवारियों से भरी ऑटो खाई में पलटी, ऑटो चालक की दबकर मौत,कई सवारी घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में सवारियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बनी गहरी खाई में पलट गई,जिसमे कई लोग दब गए,दबकर ऑटो चालक की मौत हो गई जबकि कई अन्य सावरिया घायल हो गई,जिन्हे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहा उनका इलाज चल रहा है,वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। ऑटो चालक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक कौशाम्बी थाना क्षेत्र के अलवारा का रहने वाला तीरथ प्रसाद लोधी पुत्र जगन्नाथ प्रसाद लोधी ऑटो चालक है वह अलवारा गांव से सिराथू सवारी लेकर गया हुआ था, वापसी में मंझनपुर कोतवाली के पतौना पुल के पास अनियंत्रित होकर ऑटो सड़क के किनारे बनी खाई में पलट गई, जिसमें दबकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकि कई सवारी घायल हो गई जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार साले की मौत, जीजा गंभीर घायल

**कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलरो कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनो सड़क पर गिरा गए जिसमे एक युवक की मौत गिरकर हो गई जबकि एक अन्य घायल है। घायल को इलाज के लिए पुलिस ने इस्माइल पुर पीएचसी मे भर्ती कराया है। मृतक व घायल युवक आपस में जीजा साला बताए जा रहे है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। आरोपी बुलेरों सवार फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के भवानी का पूरा गांव का रहने वाला मूलचंद्र पुत्र राजाराम अपनी ससुराल धूमाई थाना सैनी आया था। मूलचंद्र अपने साले महेश (40) पुत्र देवचंद के साथ ससुराल से होकर देवीगंज कस्बे की तरफ बाइक से जा रहे थे।जैसे ही बाइक सवार सैनी कोतवाली के कादीपुर मोड़ के समीप पहुचते ही उनके सामने से आ रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। बाइक के पीछे बैठे महेश की सड़क पर गिरते ही मौत हो गई। जबकि मूलचंद्र खून से लथपथ होकर तड़पने लगा। स्थानीय लोग जब तक घटना स्थल के पास पहुंचते बोलेरो सवार गाड़ी छोड़ कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल मूलचंद्र को नजदीकी पीएचसी इस्माईलपुर पहुंचाया। मूलचंद्र के होश आने के बाद पूंछ ताछ कर मृतक के घर वालो को हादसे की जानकारी दी गई। परिजनों के सामने पंचायतनामा की कार्यवाही कर पुलिस ने महेश को शव को कब्जे ले लिया। जिसे पीएम कार्यवाही के बाद परिजनो को सौंपा जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाकर शव को कब्जे में लिया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। फरार गाड़ी चालक की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



## बाइक सवार युवकों पर चढ़ा दी ट्रक

### रेलवे कर्मचारियों की दबंगई विवाद कर बाइक सवारों को सरेराह पीटा



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में रेलवे कर्मचारियों की दबंगई देखने को मिली है ,रेलवे कर्मचारियों ने बाइक सवार युवकों पर ट्रक चढ़ा दी,जिसके बाद रेल कर्मचारियों ने विवाद किया और बाइक सवारों को सरेराह पीट दिया,जिसमे बाइक सवार युवकों को चोट आई है।विवाद के दौरान भीड़ जमा हो गई,लोगो ने बीच बचाव कर विवाद को खत्म करवाया। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे स्टेशन की तरफ से एक ट्रक रेलवे के कर्मचारियों और सामान लेकर निकला और मोड़ पर ट्रक के बाइक पर चढ़ गई जिसके बाद बाइक सवारों और रेल कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया,इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने बाइक सवार युवकों की जमकर पिटाई कर दी ,पिटाई के दौरान बाइक सवार युवक को चोट आई है,मौके पर जुटी भीड़ ने बीच बचाव कर विवाद को खत्म कराया। मारपीट में चोटिल बाइक सवार ने भरवारी चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी है।वही मारपीट का वीडियो किसी ने बना लिया और वायरल कर दिया।

# नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों द्वारा निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली

### बाल दिवस कार्यक्रम में बच्चों ने तरह-तरह के स्टाल लगाकर मेले का लुत्फ उठाया

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई तत्पश्चात विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया । मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने फीता काटकर किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया कार्यक्रम में बच्चों ने तरह-तरह के स्टाल लगाकर मेले का लुत्फ उठाया ।मेले में झूला भी लगाया गया था झूले को देखकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे ' इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ,राधा रानी, सरोज अग्रवाल ,सुनील सिंह, रामनरेश यादव ,आर एन नामदेव ,दीपिका कुमारी आकांक्षा पाल ,ज्योति सिंह शिवानी यादव ,नंदिता पाल जितेंद्र कुमार, अभिषेक,मनीषा विश्वकर्मा अनिल कुमार, मुन्नी देवी ,कल्लो देवी ,उमेश यादव अजय यादव आदि लोग रहे।



## तिहरे हत्याकांड के मुख्य वादी को पुलिस ने तमंचा के साथ भेजा जेल

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में बीते 2 महीने पहले तिहरे हत्याकांड का मुख्य वादी सुभाष कुमार पुत्र स्वर्गीय होरीलाल निवासी ग्राम छबीलवा थाना संदीपनघाट 13 नवम्बर की शाम को अपने हाथ में अवैध तमंचा लेकर हवाई फायरिंग करते हुए चौराहे पर आकर दिलीप कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व0रन बहादुर निवासी बलीपुर टाटा थाना चरवा हाल पता भैरव भीटी चौराहा थाना संदीपन घाट का कॉलर पकड़ लिया छीना झपटी होने लगी इसमें दिलीप ने जनता के सहयोग से सुभाष को तमंचे सहित पकड़ लिया और पुलिस को सौंपते हुए प्रार्थना पत्र दिया उक्त के संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 281 सन 2023 धारा 286, 506 आईपीसी एवं 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सुभाष पंजीकृत कर रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवादी सुभाष कुमार थाना संदीपन घाट के तिहरे हत्याकांड के मुकदमा अपराध संख्या 227 सन 2023 का वादी है।

# पत्नी से विवाद होने पर पति ने लगाई फांसी

### डायल 112 मौके पर पहुंची घटना की जानकारी होते ही चौकी भरवारी की पुलिस पहुंच मृतक के शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा शाह गंज निवासी दीपक उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व रमेश चंद्र ने सोमवार को फाँसी लगाकर मौत को गले लगा लिया घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुँची भरवारी पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम हाउस भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के शाहगंज निवासी दीपक उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व रमेश कुमार की अपनी पत्नी से कुछ विवाद हो गया था जिसपर पत्नी अपने मायके जाने के लिए कपड़े रखकर घर से जाने लगी तभी दीपक ने कमरे का दरवाजा बन्द कर फाँसी लगा कर मौत को गले लगा लिया घटना की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी भरवारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भेज दिया जहा पर खबर लिखे जाने तक शव भरवारी नही आया था। आपको बता दे दीपक की शादी आज से लगभग पांच वर्ष पूर्व एम पी के बड़गड़ में हुई थी जिससे दीपक की दो छोटी छोटी बेटी है यह संजोग कहे या दुर्भाग्य कि आज दीपक की छोटी वाली बेटी का जन्म दिन है उस बेटी के जन्म दिन पर जहा उत्सव की तैयारी होनी थी वही उसके घर में पिता ने दोनो मासूम बेटी का भी ध्यान न करते हुए इतना बड़ा कदम उठाते हुए मौत को गले लगा लिया जिसके चलते घर में मातम पसरा हुआ है दीपक अपने मां बाप का इकलौता बेटा था घर में ही वह मोबाइल की दुकान करता था इसकी दुकान दुर्गा मार्केट के मालिक के नाम से जाना जाता था।



# जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में 6 ब्लॉक के शिक्षक खेलेंगे क्रिकेट मैच

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षक परिवार के संयोजन में बुधवार को टेवाँ स्थित जिला स्पोर्टस स्टेडियम में टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन होगा।मैच में मुख्य अतिथि के रूप में मंझनपुर एसडीएम आकाश सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार मोबीन अहमद होंगे। प्रथम दिन बुधवार को नेवादा,कड़ा,मंझनपुर,मूरतगंज,कौशाम्बी व सरसवां के बीच क्रिकेट खेला जाएगा।आयोजन समिति के सदस्य नागेश सिंह ने बताया कि संगठन का यह दूसरा आयोजन है। इस मैच में प्रत्येक ब्लॉक की टीमें भाग लेंगी । लीग मैच में सभी टीमों को तीन-तीन मैच खेलने का मौका मिलेगा। जिसके बाद सर्वोच्च अंक और बेहतर रन रेट के आधार पर टॉप की चार टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी। सभी मैच 12 ओवर के होंगे। टीमों को मैच के सभी नियमों का पालन करना होगा आयोजक मंडल में बेसिक शिक्षक परिवार के नागेश सिंह, रामू सिंह, नागेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह, दिव्यरत्न यादव, रघुनाथ द्विवेदी, मारुतिनंदन त्रिपाठी, अवनीश यादव, अतमम अली,मो.महताब,संदीप चौधरी,प्रखर नरेश, उपेंद्र कुमार,संतलाल,विपिन कुमार,शैलेश पाण्डेय व सुशील तिवारी आदि शामिल हैं। मैच की समय सारिणी के अनुसार 15 नवंबर को नेवादा और कड़ा, कौशाम्बी व सिराथू, नेवादा व सरसवां के बीच मुकाबला होगा 19 नवंबर को मंझनपुर व सरसवां, सिराथू व कड़ा और मंझनपुर व कड़ा के बीच मुकाबला होगा 26 नवंबर को कड़ा व सरसवां, कौशाम्बी व कड़ा और सिराथू व मूरतगंज के बीच मुकाबला होगा 27 नवंबर को कड़ा व मूरतगंज, मंझनपुर व नेवादा और कौशाम्बी व मूरतगंज के बीच मैच होगा तीन दिसंबर को दोनों सेमीफाइनल व 10 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

# भवन्स मेहता विद्याश्रम में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस एवं बाल दिवस

### भवन्स मेहता विद्याश्रम के 48वें स्थापना दिवस की प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी स्थित भवंस मेहता विद्याश्रम का 48 वां स्थापना दिवस 14 नवम्बर को है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय के संस्थापक गिरधारी लाल मेहता द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। स्थापना दिवस एवं बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी जिले का प्रथम और सबसे पुराना सीबीएसई आवासीय विद्यालय है जो शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 47 सालों से आज भी अपने संस्कार युक्त पढ़ाई के लिए जाना जाता है।संस्था के निदेशक संदीप सक्सेना ने अपने संदेश में समस्त बच्चों और मेहता परिवार के समस्त कर्मचारियों को विद्यालय के स्थापना दिवस एवं बाल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भेजी हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने समस्त अध्यापकों कर्मचारियों अभिभावकों छात्र एवं छात्राओं को स्थापना दिवस एवं बाल दिवस की बधाई दिया है।



## घात लगाकर बैठे दबंगो ने दंपति को पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नीबी शाना गांव में बीते सोमवार की शाम करीब सात बजे शौच के लिए घर से निकले युवक को पहले से ही घात लगाकर बैठे गांव के ही विरोधी दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते लात घूसों डंडों से बुरी तरह से मारने पीटने लगे चीख पुकार सुनकर दौड़े युवक की पत्नी व परिजनो को भी दबंगो ने जामकर मारपीट दिया। यही नहीं अंधेरे का फायदा उठाकर दबंगो द्वारा महिलाओं को बुरी नियत से हाथ पकड़ दूर खींच ले गए और उनके साथ अश्लील हरकतें करने लगें। जिसकी सूचना पीड़िता द्वारा चरवा थाना पुलिस को दी गई। नीबी शाना गांव की रहने वाली एक महिला ने चरवा थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि 13 नवम्बर की शाम समय करीब 7 बजे जब उसका पति अवधेश कुमार पुत्र भुलई खेत की ओर शौच क्रिया करने गया था। तभी पहले से घात लगाकर बैठे उसके गांव के वीरेंद्र, राजू ,राजेंद्र, शिवेंद्र पुत्रगण श्री राम व नीरज पुत्र राम आसरे व अमित पुत्र नत्थू व राम बहादुर पुत्र गणेश व विजय कुमार पुत्र श्यामलाल पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज देते हुए लात घूसा डंडा से मारने पीटने लगे पति चिल्लाया तो शोर सुनकर महिला का जेठ का लड़का अर्जुन व देवर विश्वनाथ वा रघुनाथ व लड़की ज्योति पुत्री रामसुख व रामसुख पुत्र भुलई मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करने लगे तो सभी को बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। साथ ही उक्त दबंग महिलाओं को बुरी नीयत से अंधेरे में हाथ पड़कर खींच ले गए और उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे विरोध करने उनको भी मारे पीटे। जिससे मारपीट में महिला और पति को गंभीर चोट आई है चरवा थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व प्रधान दंपति को लोहे के राड से पीट पीट कर दबंग ने किया घायल

**नाली बंद करने को लेकर हुआ विवाद**




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के गिरधरपुर के पूर्व प्रधान दंपति को लोहे के रॉड से पीट पीटकर घायल कर दिया गया है घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक हीरामणी पुत्र स्व विजय बहादुर सरोज गीता देवी और माँ ने आज मंगलवार की सुबह नाली बंद करने को लेकर हुआ विवाद हुआ दबंगों ने गाली गलौज करना शुरू किया था तो जितेंद्र कुमार पूर्व प्रधान ने मना किया तो उतने मे घर के अंदर रखा लोहे के राड से दबंगों ने पूर्व प्रधान को पीटना शुरू कर दिया जब पत्नी लालती ने देखा तो अपने पति को बचाने के लिए वह दौड़ी पत्नी लालती के सिर पर लोहे के राड से मार दिया जिसमे जितेंद्र वा लालती देवी को गहरी चोटे आई है घायल अवस्था मे परिजनों ने कोखराज थाना पहुंचकर शिकायती पत्र देकर कार्रवाही की मांग किया है और उपचार के लिए सिराथू पी एच सी मेडिकल परीक्षाण कराने भेजा है।

### बच्चों को पेंसिल कॉपियां बाटकर कांग्रेसियों ने मनाया नेहरू का जन्मदिन

**कौशाम्बी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की याद पर 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए कांग्रेस कमेटी के लोगों ने बच्चों को पेंसिल कॉपियां बाट कर बाल दिवस के रूप में चाचा नेहरू का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया है इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पप्पू मिश्रा महासचिव कौशलेश द्विवेदी यूथ के पूर्व अध्यक्ष शशि त्रिपाठी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव महासचिव बरसाती लाल पांडा नरेंद्र कुमार सिंह सचिन शुक्ला हरीश मिश्रा आदि कांग्रेस ने बाल दिवस 14 नवंबर को बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया इस मौके पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया है और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया है वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर चर्चा की।




### रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चुने गए बृजेन्द्र नारायण मिश्रा

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के भगवानपुर रामलीला कमेटी भगवानपुर बहुॅगरा के रामलीला के अध्यक्ष बृजेंद्र नारायण मिश्रा भगवानपुरी चुने गए है गांव के सर्व सम्मानित लोगों ने बृजेंद्र नारायण मिश्र को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कमान सौंपी है जिससे 12 दिवसीय श्री रामलीला का आयोजन और मेले का भी आयोजन निरंतरन होता रहे इस मौके पर गांव के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# मेघनाद लक्ष्मण संग्राम देख रोमांचित हुए लोग

**कौशाम्बी।** उदहिन बुजुर्ग में चल रही रामलीला के क्रम में मंगलवार को अंगद रावण संवाद, मेघनाद लक्ष्मण संग्राम, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद वध और कुंभकर्ण वध की लीला दिखाई गई। मेघनाद लक्ष्मण संग्राम देख पंडाल में मौजूद रहे लोग रोमांचित हो उठे माता सीता का पता लगने के बाद भगवान श्रीराम बाली तनय अंगद को रावण को समझाने एवं सीता जी को वापस करने हेतु लंका भेजा। अंगद लंका पहुंच रावण दरबार में रावण को बहुत भांति से समझाया कि सीता माता को राम को सुपुर्द कर दे। अंगद ने रावण से कहा कि श्रीराम कोई साधारण मनुष्य नहीं हैं बल्कि वो स्वयं नारायण हैं। इसलिए भलाई इसी में है कि माता सीता को सम्मान जनक तरीके से उन्हें वापस कर दें लेकिन रावण नही माना। इस पर अंगद ने रावण दरबार में अपने पांव टिकाकर कहा कि अगर कोई दरबारी मेरा पांव उठा देगा मै रामामदल की ओर से अपनी हार मान लूंगा। इसी के साथ रावण द्वारा सुलह की बात न मानने पर राम रावण युद्ध हुआ। लीला में रावण पुत्र मेघनाद और लक्ष्मण संग्राम हुआ जिसे देख पंडाल में मौजूद रहे लोग रोमांचित हो उठे। मेघनाद द्वारा लक्ष्मण को मूर्छित करने पर सुषेण वैद्य जी के बताने पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने हिमालय पर्वत गए और वहां से संजीवनी बूटी लाए जिसके प्रयोग से लक्ष्मण जी ठीक हुए और पुनः मेघनाद लक्ष्मण युद्ध हुआ जिस पर लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया। मेघनाद के वध होने के बाद रावण ने अपने भाई कुंभकर्ण को युद्ध के लिए भेजा। भगवान श्रीराम ने रावण के भाई कुंभकर्ण से संग्राम किया और उसका वध कर दिया। रामलीला देखने वालों में अजय सोनी, डॉ राजेंद्र दिवाकर, रिंकू केसरवानी, राजू केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, बिनोद सोनी, अयूब अहमद, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।



## चोरी की बिजली की तार के साथ तीन शातिर गिरफ्तार चोरी की तार बरामद

**कौशाम्बी।** जिले में लगातार बिजली की तार चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है,बिजली एक तार चोरी कर बिजली विभाग को नुकसान पहुंचाने वाले चोरों को लगातार पुलिस पकड़ने का प्रयास कर रही है इसके बावजूद चोर अपना कार्य कर फरार हो जाते है।वही संदीपन घाट थाना पुलिस ने चोरी के तार के साथ तीन शातिर चोर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने तीनों चोरों पर लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया संदीपनघाट थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को चोरी की तीन बंडल बिजली के तार के साथ अरेस्ट किया है,पुलिस ने तीन शातिर चोरों के पास दो बंडल प्लास्टिक की तार और एक बंडल एल्यूमिनियम की तार और बाइक के साथ अरेस्ट किया है। पुलिस ने सभी को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया।

## एमपी के मतदाता कामगार मजदूरों को मध्य प्रदेश के मतदान के दिन अवकाश

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा मध्य प्रदेश में होने वाले विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2023 के लिए मतदान दिवस दिनांकः 17 नवम्बर, 2023 दिन शुक्रवार को मध्यप्रदेश के मतदाता के लिए,जो उत्तर प्रदेश राज्य में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों /दुकानों, औद्योगिक उपकरण या कारोबार व्यवसाय में कामगार के रूप में नियोजित कार्यरत है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 (ख) के प्राविधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक सवैतनिक अवकाश एवं अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नही लिये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद-कौशाम्बी में स्थित ऐसे निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ दुकानों,औद्योगिक या कारोबार/ व्यवसाय,जिसमें मध्य प्रदेश के मतदाता कामगार के रूप में नियोजित/कार्यरत हैं को आदेशित किया है कि मतदान दिवस दिनांक 17 नवम्बर, 2023 (दिन शुक्रवार) को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 (ख) के प्राविधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक सवैतनिक अवकाश एवं अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नही लिया जाएगा।

## संपादक की कलम से

# केरल की वामपंथी सरकार को न तो किसानों की आत्महत्या से मतलब है और न ही जनता की परेशानियों से

केरल में एक किसान ने शुक्रवार (10 नवंबर 2023) को मौत को गले लगा लिया। अल्लापुझा में वामपंथी सरकार की सिस्टम का शिकार होकर लगभग 55 साल के किसान केजी प्रसाद ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, खेती करने के लिए पैसे नहीं होने और बैंकों द्वारा लोन देने से मना करने के बाद प्रसाद परेशान हो गए थे।पैसे नहीं होने के कारण केजी प्रसाद पिछले चार साल से धान की खेती नहीं कर पाए थे। उनके पास आखिरी उम्मीद बैंक थे। उन्होंने बैंकों से लोन लेने की कोशिश की, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएँ चलाने के बाद भी बैंकों ने उनकी उम्मीद तोड़ दी। मरने से पहले प्रसाद ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है।

गौरतलब है कि अलाप्पुझा के कुट्टनाड क्षेत्र में किसानों के आत्महत्या करने का ये पहला मामला नहीं है। ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। वहीं, केरल की पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार गरीबों-किसानों की मददगार होने का दावा करती है। हालाँकि, इस तरह की घटनाओं को देखकर सच्चाई इससे अलग नजर आती है।मौत को गले लगाने से पहले प्रसाद ने अपने सुसाइड नोट में लिखा, ह्लकोई भी बैंक मुझे खेती के लिए लोन नहीं दे रहा है। अब मेरे पास जीने का कोई साधन नहीं है।ह्व उन्होंने राज्य सरकार और कुछ बैंकों पर ह्यउन्हें गंभीर वित्तीय संकट में धकेलने का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि इस वजह से उन्हें अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।सामने आए एक फोन रिकॉर्डिंग में अवसाद में शराब का सहारा लेते नजर आते हैं। मौत को गले लगाने से पहले प्रसाद ने अपने दोस्त से कहा था, ह्लमैं अपने जीवन में असफल हो गया हूँ। मैंने 20 साल पहले शराब पीना छोड़ दिया था, लेकिन अब मुझे अपनी दयनीय हालात की वजह से यह आदत शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।ह्व

अपने सुसाइड नोट उन्होंने लिखा है कि साल 2011 में उन्होंने एक बड़े बैंक से कर्ज लिया था। अपनी खराब आर्थिक हालात के चलते वो बैंक का पूरा पैसा नहीं लौटा पाए। हालाँकि, इस दौरान बैंक को उन्होंने 20,000 रुपए लौटाए थे। इसके बाद उन्होंने 2020 में बैंक की जारी की गई ह्यएकमुश्त भुगतान योजनाह्ण के तहत लोन खत्म कर दिया था।प्रसाद ने आरोप लगाया कि वो थाकाजी में चार एकड़ भूमि में धान की खेती जारी रखने के लिए वे दर-दर भटक रहे थे, लेकिन ह्यकम सिबिल स्कोरह्ण की वजह से कोई भी बैंक उन्हें लोन देने के लिए तैयार नहीं था। दरअसल, उकइकछ स्कोर एक उधारकर्ता के क्रेडिट इतिहास होता। इसके स्कोर को आधार बनाकर कर्जदाता ऋण देते हैं।

मृतक किसान ने सुसाइड नोट में आगे लिखा है कि राज्य सरकार बैंक से लिए गए ह्यपीआरएस लोनह्ण और उसके ब्याज का भुगतान करने में नाकाम रही। यही वजह है कि उनका सिबिल स्कोर और भी कम हो गया। सरकार द्वारा धान खरीद के बाद दी गई पैडी रिसिप्ट शीट (पीआरएस) के आधार पर किसानों को पीआरएस लोन दिया जाता है। इस सीजन में खरीदे गए धान के लिए बैंक ने 5 लाख रुपए दिए थे। इस पत्र के सामने आने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है. इस पीआरएस लोन को धान बेचने वाले किसान के नाम से सरकार बैंकों को लौटा देती है, लेकिन 2022-23 के धान खरीद सीजन के लिए सरकार ने बैंकों को पीआरएस राशि का भुगतान नहीं किया। पीआरएस लोन और ब्याज को तुरंत चुकाना राज्य सरकार का कर्तव्य है, क्योंकि इसके बदले सरकार ने किसान से धान ले लिया होता है।वैसे देखा जाय तो केरल की वामपंथी सरकार को न तो किसानों की आत्महत्या से मतलब है और न ही जनता की परेशानियों से वो तो बस केरल मॉडल की बात कर उछलते रहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रसाद भाजपा कार्यकर्ता थे और उन्होंने भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया था।

घटा के तुरंत बाद राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान पास के तिरुवल्ला में एक अस्पताल पहुंचे, जहां मृत व्यक्ति का शव रखा गया था. खान ने कहा कि राज्य में किसान भारी संकट का सामना कर रहे हैं और वह ह्यप्रसाद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं. किसान की मौत पर शोक जताते हुए राज्यपाल खान ने कहा कि किसान आम तौर पर बहुत विवश हैं और वास्तविक परेशानियों में जी रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे और पता लगाएंगे कि किसानों के लिए स्थिति को कुछ हद तक आसान बनाने के लिए वास्तव में क्या किया जा सकता है. उन्होंने तिरुवल्ला में संवाददाताओं से कहा, ह्लमैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हू , लेकिन निश्चित रूप से इस मामले को राज्य और केंद्र सरकार के सामने उठाऊंगा.ह्व उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जारी की जाने वाली धनराशि पहले ही जारी कर दी गई है, तो फिर समस्या कहां है. इससे पहले दिन में, खान ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह समारोहों पर पैसा खर्च कर रही है लेकिन गरीब लोगों को प्राथमिकता नहीं दे रही.

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने प्रसाद की मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि सरकार धान की खरीद में विफल रही और किसानों का भुगतान महीनों से बकाया है . भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के. सुरेंद्रन तिरुवल्ला अस्पताल पहुंचे, जहां किसान के शव को रखा गया था। उन्होंने पिनराई विजयन सरकार पर प्रसाद की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया।उन्होंने आरोप लगाया, ह्वराज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियां उनकी आत्महत्या का कारण बनीं।ह्वसुरेंद्रन ने कहा कि अगर किसानों को कम से कम केंद्र द्वारा आवंटित राशि दी गई होती, तो यह त्रासदी नहीं होती।उनके अनुसार कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी केरल से ही सांसद चुने हुए है , यदि किसी दूसरे भाजपा वाले प्रदेश में ऐसी घटना हुई होती तो राहुल गाँधी अब तक वहां पहुच गए होते पर उन्होंने यहाँ की सुध तक नहीं ली है .

# असहिष्णुता की ही निष्पत्ति है युद्ध एवं आतंकवाद

**ललित गर्ग**



विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। इसीलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सहिष्णुता की भावना फैलाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत के लिये इस दिवस का विशेष महत्व इसलिये भी है कि महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्रीय महासभा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था।

हर साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे, इसी संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। सहनशीलता दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्योंकि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमास के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरा है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। बताया जाता है कि सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को दम्भी या अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है। शेख फरीद पुकार-पुकार कर खुद को समझाते हैं, ह्यओ फरीद, अगर तेरे वैरी तुझ पर मुक्कों का प्रहार करते हैं, तब भी बदले में तुम उन पर हाथ मत उठाना। तुम तो उनसे प्रीति ही करना। उन्हें आशीष देना। उनका भला मांगना और उनके पांव चूम कर चुपचाप अपने घर चले जाना।ह्ण ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों से कहा, ह्यहिंसा का प्रतिकार कभी हिंसा से नहीं करना, बल्कि सहिष्णुता से करना और अगर कोई तुम्हारे एक अंग पर प्रहार करे तो दूसरा अंग भी उसके आगे कर देना।ह्ण आततायियों द्वारा सलीब पर चढ़ाए जाते हुए भी ईसा मसीह ने कहा, ह्यहे ईश्वर, इन्हें क्षमा कर देना क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।ह्ण

सहनशीलता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। बात विश्व की ही नहीं, राष्ट्र एवं समाज की भी है, हर ओर छोटी-छोटी बातों पर उत्तेतना, आक्रोश, हिंसा के परिदृश्य व्याप्त है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि मानव समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे। मनु, बुद्ध, महावीर और नानक, गांधी ने किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी पक्ष द्वारा हिंसक मार्ग के अनुसरण को यह कहकर नकारा कि सात्विक दृष्टि से जब सब एक ही (परमात्मा) के अंश है, आस्था एक ही हैं तो फिर विद्वेष, प्रतिहिंसा और प्रतियोगिता क्यों?

जिस समाज के पास वेदवाणी और गुरुवाणी से लेकर गांधी तक अहिंसावादी विचारों की धरोहर हो, वहां इतनी असहिष्णुता और इतनी हिंसा क्यों? एक बहुत झीनी, नाजुक और पतली सी दीवार है सहिष्णुता, जिसके पीछे हिंसा, घृणा, वैर विरोध और प्रतिरोध जैसे विकार घात लगाए बैठे हैं। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक या आर्थिक में से कोई भी कारण सहिष्णुता की नाजुक दीवार को गिराने के लिए काफी हो सकता है। दूसरों के प्रति असहिष्णुता और वैर भाव देखने वाला व्यक्ति समाज का अहित बाद में और अपना अहित पहले करता है। कारण यह है कि मन में (मानसिक) शांति और आसुरी तत्व दोनों एक साथ रह ही नहीं सकते। हिंसात्मक विचार और विकार मन से शांति को उखाड़ कर ही अपना स्थान और सामान्य बनाते आए हैं। बुद्ध कहते हैं कि जिस समाज में ऐसी विपरीतगामी विचारधारा का (कु)शासन होता है, वह समाज तरक्की नहीं कर सकता और न ही उसमें सौहार्द कायम रह सकता है।

सहिष्णुता एक उत्प्रेरक है अनेक अनुवर्ती क्रियाओं की। जिस समाज में सहिष्णुता है, वहां क्षमा है। जहां क्षमा है वहां सौहार्द है। जहां सौहार्द है वहां सहयोग और समन्वय है। जहां समन्वय है, वहां शांति है। जहां शांति है, वहां मानव का, समाज का, राष्ट्र और विश्व का विकास एवं कल्याण है। इसी युग में दुनिया के कई शांतिप्रिय राष्ट्रों की मिसाल हमारे सामने है, जिन्होंने मारामारी, हिंसा और तनातनी से दूर रहकर सामाजिक और आर्थिक विकास की कई बुलंदियों को छुआ है और वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सहिष्णुता के मार्ग का ही अनुसरण किया है। असहिष्णुता शांति एवं सह-जीवन के लिये ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिये भी घातक है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि चिंता ह्यचिताह्ण समान और क्रोध ह्यविनाशह्ण की पहली सीढ़ी होता है। जल्दी उत्तेजित होने वाले जहां अन्य लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, खुद की सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग उन्हें जकड़ रहे। आजकल बिगड़ते खानपान और अनियमित दिनचर्या से लोगों में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में उनके अंदर सहनशीलता घट रही है और इसी वजह से वे रक्तचाप, हृदयरोग, डायबटीज जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सही शिक्षा के अभाव में नई पीढ़ी में मानसिक सहनशीलता कम हो रही है। वहीं सामाजिक परिवेश के आंकलन के बिना बनाए गए कानून भी आग में घी का काम कर रहे हैं। पढ़ाई व संस्कारों के लिए स्कूलों में डांटना-मारना उत्पीड़न कहा जा रहा है। ऐसे में जहां शिक्षकों को अपमान झेलना पड़ता है। वहीं, युवाओं के हौसले बुलंद हैं। इस समस्या से बचने के लिए सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि दिमाग को भी मजबूत करना पड़ेगा। आधुनिक युग में रिश्तों में दरार उत्पन्न होने और हिंसा में वृद्धि होने के कारकों में सहनशीलता का अभाव ही है।

संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और आचार्य तुलसी आदि संतों ने समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उन्होंने राम-रहीम को एक माना और कहा ईश्वर एक है भले ही उसके नाम अलग-अलग क्यों न हों। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने सहिष्णुता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया। गांधीजी सहिष्णुता के साक्षात प्रतीक थे। उन्होंने अनेक बार सहनशीलता का परिचय देकर भारतवासियों को एक नई राह दिखाई। सहनशीलता हमारे जीवन का मूल मंत्र है। सहिष्णुता ही लोकतंत्र का प्राण है और यही वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन: एवं सर्वधर्म सद्भाव का आधार है। इसी से मानवता का अभ्युदय संभव है।

# निष्क्रिय सरकार का एक प्रतीक . महिला आत्महत्या के बढ़ते प्रकरण



सत्ता और समाज में सरकार का निष्क्रिय होना कई घातक परिणामों को जन्म देता है जिसका नकारात्मक असर समाज के प्रत्येक वर्ग पर दिखाई देता है विशेषतः सृष्टि और समाज निर्मात्री के जीवन पर। यदि सरकार और शासन व्यवस्था चलाने वाले कुराज स्थापित करे तो उस प्रदेश की जनता कभी सुखी नहीं रह सकती। ह्लकुराजराज्येन कुतः प्रजासुखंह्व। सृष्टि, समाज और परिवार की धुरी महिला यदि अपना जीवन स्वयं जानबूझकर समाप्त कर रही है तो इसका सीधा सा अर्थ है कि सरकार, शासन, समाज और परिवार की बाहरी और भीतरी व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है जिसके पुनर्गठन पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है।

भौगोलिक दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य और चुनाव की डेहरी पर खड़े राजस्थान में बीते कुछ वर्षों में महिला अत्याचार, दुष्कर्म, छेड़खानी, यौन हिंसा, घरेलु हिंसा, आर्थिक असामनता व महिला स्वास्थ्य अधिकारों के हनन के मामले तेजी से बढ़े है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार पन्नाधाय, मीरा, अमृता देवी और काली बाई भील की वीरभूमि राजस्थान में 15-49 आयुवर्ग की 55 प्रतिशत महिलाएं शरीर में खून की कमी से ग्रसित है। ह्यकृस तनु सीस जटा एक बेनीह्ण जिस प्रकार से अशोक वाटिका में माता सीताजी की दुर्बल दर्दशा देखकर हनुमान जी का हर क्षण कल्प के समान बीता आज ठीक उसी प्रकार असुरक्षा और भय के साये में प्रदेश की महिलाओं का हर क्षण एक युग के समान बीत रहा है जो यह साफ दर्शा रहा है कि राज्य सरकार एकदम निष्क्रिय हो गयी है। चाणक्य नीति कहती है ह्लराज्ञः पापं पुरोहितःह्व अर्थात राजा के पाप को पुरोहित भोगता है जो कि राजस्थान की वर्तमान स्थिति पर एकदम सटीक बैठती है। ह्ययथा राजा तथा प्रजाह्ण अर्थात जैसा राजा होगा वैसी ही प्रजा भी होगी, यही कारण है कि निष्क्रिय सरकार का सीधा असर प्रदेश के करोड़ों परिवारों पर पड़ रहा है, जहाँ परिवारों में सेवा का भाव होना चाहिए वहां आज अधर्म, पाप, ईर्ष्या, छल-कपट और भ्रष्ट आचरण का भाव पनप रहा है। सरकार के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक मोर्चे पर पतन के कारण पारिवारिक इकाईयों की विशेषता, स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन आ गया है। सरकार, शासन, समाज और परिवार में महिलाओं के अनुभवों की लगातार उपेक्षा की जा रही है जिसका सीधा असर प्रदेश की महिला के विचारों, भावनाओं, व्यवहार, कार्यक्षमता और मनोबल पर पड़ रहा है। आदर्श या सकारत्मक छवि प्रस्तुत करने के दबाव के चलते महिलाएं अपने साथ हर स्तर पर होने वाली हिंसा, भेदभाव को उचित ढंग से प्रस्तुत नहीं कर पा रही है और इस दमनचक्र में फंसकर स्वयं को असहाय, आशाहीन, असहज और निरर्थक महसूस रही है।

सामाजिक, आर्थिक और जनस्वास्थ्य समस्याओं के समाधान प्रति सरकार के नकारात्मक रवैये का बुरा प्रभाव महिलाओं की मानवाधिकारों एवं उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सरकार द्वारा महिलाओं को अपनी ज़िन्दगी में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर और समर्थन प्रदान नहीं करने के कारण महिलाओं के प्रति असहिष्णुता बढ़ी है और इस कारण कई महिलाएं अपने आप को अकेला महसूस करती हैं, आत्महत्या का प्रयास करती है जिसके घातक परिणाम राजस्थान में महिलाओं में बढ़ते आत्महत्या के प्रकरणों के रूप में देखने को मिल रहे है। प्रदेश के बाड़मेर जिले में पिछले 4 वर्षों से लगातार 50 से अधीक माएं अपनी जान स्वयं दे रही है। सबसे अधीक सामूहिक आत्महत्याएं के मामले बाड़मेर जिले से आ रहे है। बीते 4 वर्षों में करीब 250 से अधीक परिवारों ने अपना जीवन जानबूझकर स्वयं समाप्त कर लिया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार राजस्थान में वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2021 में महिला आत्महत्या के मामलों में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बीते 4 वर्षों में राज्य में करीब 6000 से अधिक महिलाओं की मृत्यु आत्महत्या के कारण हो चुकी है जिसमें से 50 प्रतिशत महिलाएं गृहणियां है। यह सभी वह प्रकरण है जो पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। एक अनुमान के मुताबिक राज्य में आत्महत्या के 30 से 40 प्रतिशत मामले अभी भी दर्ज नहीं होते। इस अनुसार राज्य में प्रतिदिन 6 महिलाएं जो किसी की बहन, माँ और बेटी है अपना जीवन स्वयं समाप्त कर रही है। क्या माताएं-बहनें-बेटियों की आत्महत्या निष्क्रिय सरकार का प्रतीक नहीं है? क्या यह प्रदेश की सरकार और शासन व्यवस्था पर कलंक नहीं है? क्या महिला आत्महत्या की खबर सुनकर सरकार में बैठे अधिकारीयों या कर्मचारियों की गर्दन शर्म से नहीं झुकती? निष्क्रिय सरकार का सीधा खतरा प्रदेश की महिलाओं के जीवन पर कैसे पड़ता है उसकी सच्चाई यह आंकड़े और विभिन्न रिपोर्ट चीख-चीख के बतला रहे है। सरकार के द्वारा स्थापित की गयी प्रतिकूल व्यवस्था के कारण आज प्रदेश की निर्मात्री स्वयं अपना जीवन समाप्त करने को विवश है। महिलाएं समाज की बुनियाद होती हैं और इन्हें समर्थ बनाकर ही प्रदेश समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ सकता हैं किन्तु राजस्थान में वर्तमान सरकार अपनी विफलता छुपाने के लिए और महिलाओं को समर्थ और समृद्ध करने के बजाय महिलाओं को योजनाओं के नाम पर लोभ-लालच देकर प्रदेश को भयानक आर्थिक और सामाजिक विनाश की तरफ धकेल रही है। यदि समय रहते सरकार द्वारा अकर्मण्यता त्यागी नहीं गयी, व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और महिला आत्महत्या रोकथाम के लिए ठोस कार्ययोजना लागू नहीं की गयी तो आने वाले समय में महिलाओं के असहनीय दर्द और चीत्कार के बीच से उठे सैलाब से प्रदेश में हर स्तर की व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आना निश्चित है।

**भूपेश दीक्षित**

# स्कूलों में पुस्तकालय का नियमित पीरियड नहीं होता

देश में 56वां राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह 14 से 20 नवम्बर तक मनाया जा रहा है आज का युवा पुस्तक का मतलब पाठ्यपुस्तक ही समझता है। शिक्षण संस्थाओं में पुस्तकालय जरूर है मगर छात्र मोबाइल में खोना पसंद करते है, पुस्तकालय जाने का समय उनके पास नहीं है। कक्षा में विषयों के पीरियड अवश्य होते है खेलकूद का भी समय होता है मगर पुस्तकालय का कोई नियमित पीरियड नहीं होता। अध्यापक भी बच्चों को पुस्तक या सदसाहित्य पढ़ने संबंधी कोई जानकारी नहीं देते। यही कारण है कि इन्टरनेट के इस युग में हम पुस्तक को भूल गए है। पढ़ने का मतलब इस संचार क्रांति में इन्टरनेट ही रह गया है। युवा चौबीसों घंटे हाथ में मोबाइल लिए इन्टरनेट पर चैट करते मिल जाएंगे। वे पुस्तक से परहेज करने लगे है मगर मोबाइल को रिचार्ज करना नहीं भूलते। उन्हें घर या बाहर यह बताने वाला कोई नहीं है की पुस्तकों का भी अपना एक संसार है। वे प्रेमचंद की किसी पुस्तक के बारे में नहीं जानते। कॉमेडियन कपिल के शो के बारे में जरूर जानते है। शरत चंद्र या हरिशंकर परसाई की किसी शख्सियत से वाकिफ नहीं है। उन्हें पुस्तक अथवा पुस्तक की अहमियत से कोई लेना देना नहीं है। वे पुस्तक मेले में जाना नहीं चाहते। वे किसी अच्छे मॉल में जरूर जाना चाहते है जहाँ उन्हें अपनी मन पसंद खाने पीने और पहनने की वस्तु मिल जाये।

समय परिवर्तनशील है। पुस्तकें कल की बात हो गई है। आज इंटरनेट का भूत युवा पीढ़ी पर सवार है। आज का युवा प्रेमचंद को नहीं जानता। महादेवी वर्मा, दिनकर, विमल चटर्जी, मन्मथनाथ गुप्त, शरत चंद्र को नहीं पहचानता। इसका एकमात्र कारण हमारी शिक्षा प्रणाली है। स्कूल में पुस्तकालय है मगर वहां विद्यार्थी नहीं जाता। उसे मोबाइल की लत लग गयी है। अध्यापक भी पुस्तकालय जाने को प्रेरित नहीं करता इसलिए वह किसी नामचीन लेखक को नहीं जानता। पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र थी मगर अब नहीं है। स्कूल की छोड़ों घर पर अभिभावक भी उन्हें अच्छी पुस्तकों से परिचित नहीं करवाते। युवा के लिए पाठ्यपुस्तक या कोचिंग की पुस्तकें ही सब कुछ है। कालजयी रचनाकार बाबू देवकी नंदन खत्री की पुस्तकों का ज्ञान भी नहीं है। पुस्तकें अब पुस्तकालय की शोभा बढ़ा रही है। चिंतन की बात तो यह है की पुस्तकें कैसे पुस्तकालय से बाहर निकले और युवा का रुझान इनके प्रति कैसे हो यह विचारने की बात है।

अगर सच्ची दोस्ती चाहिए तो किताबों को दोस्त बना लो क्योंकि वो कभी दगा नहीं देती है और ना ही झूठ के रास्ते पर चलती। लेकिन इंटरनेट के युग में व्यक्ति किताबों से काफी दूर हो गया है इसी बात के मद्देनजर और लोगों के दिलों में किताबों के प्रति प्रेम जगाने के लिए विश्व पुस्तक दिवस की शुरूआत हुई। विश्व पुस्तक दिवस दुनिया भर में 23 अप्रैल को मनाया जायेगा। पुस्तकें हमारे जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और हमेशा हमारे साथ एक सच्चे दोस्त की तरह रहती हैं, बशर्ते हमारे अंदर पढ़ने और सीखने का जज्बा हो। एक जमाना था जब किताबें सभी की अच्छी दोस्त हुआ करती थीं। जैसे-जैसे डिजिटलाइजेशन बढ़ता गया किताबें भी हमसे दूर होती चली गईं। अब किताबों की जगह मोबाइल, कंप्यूटर आदि इंटरनेट माध्यमों ने ले ली है।

पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं।, पुस्तकें ज्ञान का भण्डार है ।

# समृद्ध और शिक्षित देश बनाना चाहते थे मौलाना आजाद

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की याद में हर वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया जाता है, क्योंकि वह स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जिसके माध्यम से शिक्षा के महत्त्व पर चिंतन और मंथन किया जाता है। यह भी हमारे गहन सोच का विषय है कि हम अपने लक्ष्य पर कहाँ तक खरे उतरे। 2023 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की थीम एक सतत भविष्य के लिए अभिनव शिक्षा रखी गई है। इस थीम के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने और एक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा।

मौलाना आजाद महात्मा गाँधी के विचारों से बेहद प्रभावित थे। वे कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। मौलाना आजाद देश की सांस्कृतिक परम्पराओं को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने के प्रबल हिमायती थे। इसीलिए 1947 में आजादी के बाद भारत के प्रथम शिक्षामंत्री बनने पर उन्होंने पढ़ाई-लिखाई और संस्कृति के मेल और समन्वय पर विशेष ध्यान दिया। मौलाना आजाद की अगुवाई में 1950 के शुरूआती दशक में संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी और ललित कला अकादमी का गठन हुआ। इससे पहले वह 1950 में ही भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद बना चुके थे। उन्होंने भारत में धर्म, जाति और लिंग से ऊपर उठ कर 14 साल तक सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा दिए जाने पर बल दिया था। मौलाना आजाद महिला शिक्षा के खास हिमायती थे।

आजादी के 76 वर्षों के बाद आज भी देश में प्रारंभिक शिक्षा पर अथाह धनराशि खर्च करने के बावजूद बच्चों में पढ़ने-लिखने के कौशल क्यों नहीं आ पा रहे हैं, इस पर गंभीरता से मंथन करने की जरुरत है। देश में बुनियादी शिक्षा को लेकर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। अनेक संस्थाओं ने अपनी रिपोर्टों में देश में बुनियादी शिक्षा को लेकर सवाल उठाये हैं और बताया है कि आजादी के 76 वर्षों के बाद भारी शैक्षिक विस्तार के बावजूद गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के कार्य में हम बहुत पिछड़े हुए हैं। हमारी लाख कोशिशों के बावजूद हम शिक्षा के क्षेत्र में वह प्रगति हासिल नहीं कर पाए जिसकी जरुरत है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां हमारी आधी से अधिक आबादी गरीबी में जीवन बसर कर रही है। विभिन्न शैक्षिक रिपोर्टों में खुलासा किया गया है कि प्रारम्भिक शिक्षा का देहाती क्षेत्रों में हाल बहुत बुरा है । भारत की प्रारम्भिक शिक्षा की कमजोरियों के कारण ही हम शिक्षा की दौड़ में पिछड़े हैं और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने के अभाव के कारण शिक्षा की बदहाली का रोना रो रहे हैं। बताया जाता है कि सरकारी और गैर सरकारी प्रयासों एवं शिक्षा के अधिकार कानून के अमल में लाने के बाद स्कूलों में बच्चों के दाखिले की स्थिति में आशातीत सुधार परिलक्षित हुआ है। मगर गुणवत्तायुक्त शिक्षा में हम पिछड़ गये हैं। सरकारी स्कूलों के मामलों में निजी स्कूलों की स्थिति फिर भी अच्छी बताई जा रही है।

# मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत

विशेष विमान से आये सीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष विमान से एयरपोर्ट देवांगना घाटी पहुंचे। जगतगुरु रामभद्राचार्य व जनप्रतिनिधियों से भेंट के बाद आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक बांदा डॉ विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला से एयरपोर्ट निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं से समीक्षा कर एयरपोर्ट के कार्यों में प्रगति करायें। डीएम-एसपी समेत जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं भगवान श्री कामतानाथ की फोटो भेंटकर स्वागत किया। सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री लोनिवि चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर गंगाधर मिश्रा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, मऊ, कर्वी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव कुमार मिश्रा, मऊ अमित द्विवेदी, भाजपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य आनंद त्रिपाठी, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से मप्र के रीवां जिले में चुनावी सभा को सम्बोधित करने निकल गये। वे मप्र में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे। मप्र में 17 नवम्बर को मतदान होना है।



सीएम से भेंट करते जनप्रतिनिधि।

## लोकसभा के दावेदार सीएम के स्वागत में रहे अव्वल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे में फरवरी में लोकसभा के चुनाव सम्भावित हैं। ऐसे में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर लोकसभा के दावेदारों ने मुख्यमंत्री के स्वागत में अपनी-अपनी शक्ल दिखाने में पूरा जोर लगा दिया है। सांसद आरके सिंह पटेल जहां फिलहाल टिकट में अव्वल दिख रहे हैं, वहीं पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला व भाजपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य आनन्द त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री के करीब आने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इन सबमें नगर पालिका के दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये नरेन्द्र गुप्ता मुख्यमंत्री की करीबी हासिल करने में खासे अव्वल नजर आये। सभी लोकसभा के दावेदारों ने मुख्यमंत्री के सामने अपना-अपना कद बढवाने में पीछे नहीं रहे।

# सड़क 144 के न खुलने पर लोग जायेंगे हाईकोर्ट, समृद्धशाली मानसिकता के थे पूर्वज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दीपावली मेला में बस स्टैण्ड पर रेंग-रेंगकर वाहन चल रहे थे। पूर्वज खासे समृद्धशाली मानसिकता के थे, तभी उन्होंने कर्वी सरकार की बस्ती का नक्शा डिजाइन कर सड़क नम्बर 144 बनाई थी, ताकि कहीं लोगों को जाम का सामना न करना पडे।

ये खुलासा मंगलवार को कर्वी तहसील के लेखपाल महेन्द्र सिंह ने भी किया है। उन्होंने कर्वी सरकार के मोहाल चैधरी छोटेलाल की 1430 फसली की खतौनी जारी की है। खतौनी में साफतौर पर दर्ज है कि पट्टी नम्बर पांच सरकार बहादुर मुन्दर्जे खेबर खाता नम्बर पांच में जिमन 15(2) आबादी स्थल सडकें रेलवे भवन तथा अन्य भूमियां जो अकृषि प्रयोजन से प्रयुक्त हों-खाता संख्या 198 के नम्बर 144 व रकबा 0.149 दर्ज है।

बस स्टैण्ड पर सडक नम्बर 144 आज भी सडक के बतौर दर्ज है, मौके पर सडक के बीच में दीवार खडी कर सडक को रोक दिया गया है। इसी सडक पर तकरीबन डेढ दर्जन दुकानें बनाकर दसों लाख रुपये साल में तीन लोग अवैध ढंग से किराया वसूल रहे हैं। इस सडक को खुलवाने के आज तक प्रयास नहीं हुए।

पूर्व डीएम बलकार सिंह ने कर्वी बस स्टैण्ड के पास सडक व कुआ पर कुछ लोगों के अवैध कब्जा कर दुकानें बनाकर किराया वसूलने के मामले की जांच एसडीएम सदर, सीओ सिटी व ईओ नगर पालिका को पत्रांक 4954 पर 12 दिसम्बर 2012 को आदेश दिये थे, तब से ये आदेश धूल फांक रहा है। सडक नम्बर 144 की पक्की खतौनी व प्रमाणित नक्शे को लेकर हाईकोर्ट जाने की तैयारी लोग किये हैं। जल्द सडक प्रशासन के न खुलवाने पर लोग हाईकोर्ट में याचिका करने को मजबूर होंगे।



ये देखो डीएम साहेब सडक 144 का नक्शा व खतौनी।

## श्रद्धालुओं से भरी टैम्पो पलटी, एक की मौत, दस घायल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दीपावली मेला में दर्शन कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी दो ओवरलोड टैम्पो अलग-अलग स्थानों पर पलट गई। एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार को चित्रकूट दर्शन बाद पन्ना जिले के बैजाई गांव के राजेंद्र सिंह (45) परिवार व रिश्तेदारों समेत सतीअनुसइया से लौट रहे थे। टैम्पो जैसे ही हनुमानधारा मोड़ पर पहुंची तो रफ्तार तेज होने से टैम्पो पलट गई। उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राजेंद्र सिंह की टैम्पो के नीचे दबने से मौत हो गई। मिथलेश यादव, चुन्नू, रामकृपाल व महराजी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने बताया कि टैम्पो में 11 यात्री सवार थे। इसी क्रम में सीतापुर के पास तेज रफ्तार आ रही टैम्पो बेकाबू होकर पलट गई। उसमें सवार मुस्करा महोबा की प्रीति देवी, प्रहलाद, कौशांबी की बेलपती, प्रेमचंद्र, सूरज कली व प्रतापगढ़ के प्रशांत दुबे घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में एम्बुलेंस की मदद से पुलिस ने भर्ती कराया। घायलों ने बताया कि टैम्पो में 12 यात्री सवार थे।

## घर में घुसकर अपहरण का वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय ने बलबा, मारपीट, जान से मारने की धमकी, घर में घुसकर अपहरण के वांछित महेश पुत्र जगमोहन यादव निवासी चकजाफर कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रविकान्त राय, सिपाही कृष्ण कुमार व नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# मऊ पुलिस ने युवक की हत्या का किया खुलासा

## चार आरोपियों से दो बाइकें, अलाकत्ल बांका व दुपट्टा बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में पुलिस टीम में हत्या की घटना का खुलासा कर चार को घटना में प्रयुक्त दो बाइकों व आलाकत्ल बांका, दुपट्टा समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 11 नवम्बर को मऊ थाने के करही गांव हाल मुकाम लालतारोड के जयनारायण सिंह पुत्र अलखनारायण सिंह ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उनके 22 वर्षीय पुत्र मोहित की शनि, रोहित, गुड्डू पुत्र रामबहादुर, राजा पुत्र अज्ञात निवासी लालतारोड ने हत्या कर दी है। घटना बाबत थाने में हत्या का मामला नामजद दर्ज किया।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के प्रभारी निरीक्षक मऊ को निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक की टीम ने घटना में शामिल शनि, शिव स्वरूप उर्फ रोहित उर्फ खुन्नू पुत्र स्व रामबहादुर रैदास, शिव प्रकाश उर्फ राजा पुत्र स्व रामनरेश रैदास व विवेचना में प्रकाश में आये ओमप्रकाश उर्फ सुग्गन पुत्र स्व रामनरेश रैदास निवासी माधव का पुरवा लालतारोड को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक यूपी/96जे-3152 व यूपी/96एल-8142 तथा आलाकत्ल बांका व दुपट्टा बरामद किया। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक मोहित दस नवम्बर को लालतारोड के आरोपी शिवप्रकाश उर्फ राजा की पुत्री से छेड़छाड़ कर रहा था। पुत्री का शोर सुन शिवप्रकाश मौके पर पहुंचा था। घटना से क्षुब्ध शिवप्रकाश उर्फ राजा अपने भाई ओमप्रकाश, चचेरे भाई शनि व शिवस्वरुप उर्फ रोहित उर्फ खुन्नू ने मिलकर मोहित की पिटाइ कर मोहित के हत्या की योजना बनायी। ओमप्रकाश व शनि ने मोहित को उसकी ही मोटरबाइक पर बैठाकर शिवप्रकाश उर्फ राजा की मोटरबाइक पर राजा एवं रोहित चित्रवार गांव नहर नदी की क्रासिंग पर गये। चारों ने मोहित का दुपट्टे से गला घोंटकर व गर्दन पर बांका से हमलाकर हत्याकर शव फेंककर भाग गये थे। विवेचना बाद साजिश एवं सबूत नष्ट करने की धारायें बढाई गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, निरीक्षक अपराध अभय राज सिंह, दरोगा इंद्रजीत गौतम, दीवान जुबेर अली, सिपाही राहुल पांडेय, दीप प्रताप, नागेश कुमार व राजकुमार शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर।

# दो अन्तर्जपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

## चार किलो गांजा व मोटरबाइक बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने अन्तर्जनपदीय दो गांजा तस्करों को दबोच चार किलो गांजा व एक मोटरबाइक बरामद की। मंगलवार को पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने विसंडा तिराहा में वाहनों की जांच दौरान मोटरबाइक यूपी/90डब्ल्यू-3031 पर सवार बरातीलाल पुत्र राममिलन, दिलशाद पुत्र शमशेर निवासी चैसड थाना विसंडा जिला बांदा को दो-दो किलो गांजा समेत दबोचा है। उनके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद मोटरबाइक को सीज किया। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बिसंडा में गांजा की आपूर्ति करने जा रहे थे। बरामद गांजे की बाजारू कीमत एक लाख बीस हजार रुपये है। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा, दरोगा रविकान्त राय, सिपाही दिलीप कुमार व नीलेश कुमार शामिल रहे।

# ऑपरेशन दृष्टि से 24 घंटे में चोरी का खुलासा

## दो चोरों के कब्जे से 246500 रुपये बरामद



पुलिस गिरफ्त में चोर।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने ऑपरेशन दृष्टि में सीसीटीवी की मदद से 24 घंटे के अन्दर चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोरों को चोरी के 246500 रुपये समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 13 नवम्बर को पहाड़ी कस्बा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सेल्समैन प्रदीप कुमार चैहान पुत्र रंजीत कुमार निवासी रारी थाना किशनपुर जिला फतेहपुर ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि वह दुकान की बिक्री के रुपये लेकर पहाड़ी स्थित आवास पर जा रहा था। शराब के नशे में नांदी चैराहा की एक दुकान के किनारे पटरी पर बैठ गया। अज्ञात चोरों ने रुपयों भरा बैग चोरी कर लिया, जिसमें 246500 रुपये थे। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा रविकान्त राय की टीम को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। दरोगा रविकान्त राय की टीम ने ऑपरेशन दृष्टि में नांदी चैराहा स्थित भोला कुशवाहा की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से प्रकाश में आये नांदी रोड चैराहा स्थित भोला की दुकान से भोला पटेल पुत्र झुल्लू पटेल निवासी जरिहा, पप्पू पुत्र बजरंगी रैकवार निवासी खरसेडा को चोरी के 246500 रुपये समेत गिरफ्तार किया। रुपये बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा रविकान्त राय, सिपाही नरेन्द्र सिंह व कृष्ण कुमार यादव शामिल रहे।

# दीपावली पर हजारों श्रद्धालुओं को बांटा हलवा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने दीपावली अमावस्या पर चित्रकूट धाम कर्वी में समाजसेवी/व्यापारी नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में हजारों श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद बांटा गया।

दीपावली पर्व पर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने अमावस्या पर दीपदान कर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा को आये हजारों श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद बांटकर पुष्प वर्षा की। व्यापारी ये कार्यक्रम प्रत्येक माह अमावस्या में करते हैं। समाजसेवी/व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन युवा भाजपा नेता शानू गुप्ता ने कहा कि सेवा ही संकल्प है। भक्तों व जरूरतमंदों की सेवा चित्रकूटधाम के नागरिकों के लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है। भगवान प्रभु श्रीराम की नगरी चित्रकूटधाम एक धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तीर्थ है। जहां पर प्रत्येक अमावस्या में लाखों श्रद्धालु बड़ी आस्था लेकर आते हैं। चित्रकूटधाम के नागरिकों के लिए सेवा का अवसर है। ये सौभाग्य कुछ ही भक्तों को मिलता है। सेवा के बाद आत्मीय सुख व शांति मिलती है। दीपोत्सव अमावस्या साल की सबसे बड़ी होती है। इस मौके पर व्यापारी नेता शेशू जायसवाल, नारायणदास केसरवानी, सुनील जायसवाल, सीताराम श्रीवास्तव, पप्पू शिवहरे, सुशील पाण्डेय, अनिल, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।



हलवा प्रसाद बांटते शानू।

## 16 को विधायक करेंगे स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट सेवा आश्रम के प्रबंधक डॉ रमेशचन्द्र ने बताया कि इनरव्हील नार्थ दिल्ली के सहयोग से मानिकपुर ब्लाक के ओडकीमाफी गांव के मजरा बटखुरा में हमारा स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का लोकार्पण 16 नवम्बर को मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी करेंगे। मंगलवार को चित्रकूट सेवा आश्रम के प्रबंधक डॉ रमेशचन्द्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष डॉक्टरों की टीम एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। 17 नवम्बर को संचय वाटिका बटखुरा में गौशाला का शुभारम्भ व खेत-तालाब का लोकार्पण इनरव्हील नार्थ दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ उवर्शी मित्तल के कर कमलों से होगा।

## नेहरू की कांग्रेसियों ने मनाई जयंती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री/आधुनिक भारत के निमार्ता/भारतरत्न पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कहा कि पं नेहरू भारत को आजादी दिलाने एवं वैश्विक मानचित्र में पहचान दिलाने की दिशा में सदैव राष्ट्र को गौरवान्ति किया है। पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, जिला महासचिव राजनारायण निषाद, मानवेंद्र सिंह पटेल, अरुण कुमार गुप्ता, नोखेलाल फौजी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



पं नेहरू को याद करते कांग्रेसी।

## अन्नकूट पर्व पर लगा छप्पन व्यंजन भोग

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास महाराज के स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट में रघुवीर मंदिर बड़ी गुफा में हर वर्ष की भांति मंगलवार को रामनाम कीर्तन के साथ बृज के भगवान व पर्वतों के राजा गिरिराज गोवर्धन की पूजा विधि विधान हर्षोल्लास से हुई। मंगलवार को गोवर्धन भगवान को अन्नकूट के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया।

जानकीकुंड के रघुवीर मंदिर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन, ऊषा जैन, डा ईलेश जैन एवं सदगुरू परिवार के तमाम सदस्यों की मौजूदगी में भजन कीर्तन हुआ। भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना हुई। गोवर्धन भगवान को छप्पन तरह के व्यंजनों का भोग लगाया। इसे अन्नकूट भी कहते है। भंडारे में क्षेत्र के साधुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# दीपावली पर सजी गधों की मंडी, पांच राज्यों से आये गधे

95 हजार से दो लाख तक लगेगी बोली, करोड़ों का कारोबार, तीन सौ साल पुरानी परंपरा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दीपावली मेले में परीवा के दिन देश का सबसे बडा गधा मेला लगता है। ये मेला तीन सौ वर्ष पुराना औरंगजेब के जमाने से लगता आ रहा है। मेले में फिल्म स्टार शाहरुख, सलमान, आमिर व ऋतिक नाम के गधे बिकने को आते हैं। इन गधों की बोली लगाई जाएगी। बिक्री व खरीददारी को यूपी के अलग-अलग जिलों समेत एमपी, बिहार, राजस्थान व झारखंड से लोग आए हैं। करीब तीन सौ वर्षों से ये ऐतिहासिक गधा मेला लगता आ रहा है। मंदाकिनी तट पर दो दिन लगने वाले मेले में करोड़ों का कारोबार होता है। बिक्री व खरीददारी गधे व खच्चर की कद, काठी, रंग-रूप व व्यवहार पर बोली लगती है। इसी आधार पर इनके फिल्मी सितारों के नाम रखे जाते हैं। गधों के मेले में इस बार छह हजार से ज्यादा गधे व खच्चर बिक्री को आये। प्रशासनिक स्तर से सभी तैयारियां पूरी है। पहले दिन करीब सवा करोड़ का कारोबार हुआ। इस गधा मेला का आयोजन प्रशासन की ओर से होता है। पिछले साल यहां दो दिनों में तकरीबन तीन करोड़ का कारोबार हुआ था।



दीपावली पर सजा गधा बाजार।

गधा मेला को प्रशासन सभी सुविधायें देता है। मेला में इंट्री को खरीददारों समेत विक्रेताओं से भी फीस ली जाती है। तीन सौ रुपए इंट्री फीस है। एक विक्रेता यहां करीब आधा दर्जन गधे लेकर आता है। गधा मेला को नगर पंचायत स्थान देती है। गधे कारोबारियों से टैक्स लिया जाता है। जिस स्थान पर ऐतिहासिक गधा मेला सजता है, वह अतिक्रमण की चपेट में है। नगर पंचायत टैक्स तो वसूलती है, लेकिन सुविधायें नहीं देती। गधों व खच्चरों की अच्छी कीमत वसूलने को मालिक इनके नाम फिल्मी सितारों पर रखते हैं। नाम के हिसाब से कीमत तय की जाती है। इस बार दो लाख रुपए की सबसे महंगी बोली सलमान की लगाई गई। शाहरुख 65 हजार, पिछली बार करिश्मा नाम की गधी 20 हजार में बिकी, जबकि सैफ 12 हजार में खरीदा गया था। ज्यादा वजन ढोने की क्षमता वाले गधों की मांग ज्यादा रहती है। मंदाकिनी किनारे गधों के ऐतिहासिक मेला बाबत ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं है। मेले के व्यापारी व यहां के लोग पीढ़ियों से ये मेला देखते आ रहे हैं। पूर्वजों से पता चलता है कि मेले की शुरूआत मुगल शासक औरंगजेब ने कराई थी। इस दिन के लिए साल भर तैयारी करते हैं। गधों का प्रदर्शन मेले में करने के लिहाज से पालन-पोषण किया जाता है। मेला आयोजक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि औरंगजेब ने मेले की शुरूआत की थी, तब गोला-बारूद ढोने को गधों की बोली लगाई थी। कमजोर व बीमार गधों की नीलामी की गई। अच्छी नस्ल के गधों को खरीदा गया, तब से यहां मेला लग रहा है। रमेश कुमार पांडेय ने कहा कि पहले ये मेला सप्ताह भर चलता था। अब गधे-खच्चर का उपयोग कम होने से ईंट-भट्ठा संचालक खरीददारी को आते हैं। गधों की बिक्री में पूर्व वर्षों की अपेक्षा कमी आई है। परंपरा का पालन करने कारोबारी आते हैं।

## 40 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय ने सिपाही धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार के साथ महेश कुमार पुत्र सूरजदीन निवासी केवटन पुरवा मजरा तीरधुमाई गंगू के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## कच्चा तेल 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल




की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.74 डॉलर यानी 0.91 फीसदी की गिरावट के साथ 80.69 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.73 डॉलर यानी 0.95 फीसदी लुढ़ककर 76.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टो के नियमन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार और माइनिंग के नियमन के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिये केन्द्र और अन्य को निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन-आधारित डिजिटल या आभासी मुद्राएं हैं जो केंद्रीय बैंक से नहीं बल्कि स्वतंत्र रूप से संचालित होती हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिका में मांगी गई मुख्य राहत विधायी निर्देश की प्रकृति में अधिक है। पीठ जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे ने कहा कि यद्यपि याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत है, लेकिन यह स्पष्ट है कि 'वास्तविक उद्देश्य याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित कार्यवाही में जमानत मांगना है'



उन्होंने कहा, 'हम इस कार्रवाई को स्वीकार करने में असमर्थ हैं। याचिकाकर्ता को नियमित जमानत देने के लिए उचित अदालत में जाने की स्वतंत्रता होगी। जहां तक मुख्य राहतों का सवाल है, वे एक विधायी निर्देश की प्रकृति में हैं जो अदालत संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जारी नहीं कर सकती है।'

## FPI की बिकवाली जारी, नवंबर में इक्विटी से 5,800 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का दौर जारी है। उन्होंने बढ़ती ब्याज दरों और पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के कारण इस महीने अब तक भारतीय बाजारों में 5,800 करोड़ रुपए से अधिक की बिकवाली की है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने अक्टूबर में 24,548 करोड़ रुपए और सितंबर में 14,767 करोड़ रुपए निकाले। इससे पहले मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में एफपीआई लगातार भारतीय इक्विटी में खरीदारी कर रहे थे। इस अवधि के दौरान उन्होंने कुल 1.74 लाख करोड़ रुपए की लिवाली की। विशेषज्ञों ने कहा कि आगे बिक्री का यह रुझान जारी रहने का अनुमान नहीं है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पिछले सप्ताह अपनी बैठक में नरम रुख का संकेत दिया था।




# कैट का दावा- दीपावली पर देशभर में 7000 करोड़ रुपये का फल और फूल बिका

**नई दिल्ली।** प्रकाश का पर्व दीपावली देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। पांच दिवसीय त्योहार इस बार व्यापारिक समुदाय के व्यापार में शानदार वृद्धि की सौगात लेकर आया है। देश के सभी बाजारों में दीपावली का त्योहार परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दीपावली की पूजा में फूलों की सजावट एवं पूजन में फलों को अर्पित करने की प्राचीन संस्कृति के चलते आज देशभर में फूलों का कारोबार लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का हुआ। फलों की बिक्री भी लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की हुई।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि देश में प्रत्येक व्यापारी के लिए दीपावली पूजा का एक विशेष महत्व हैं। खंडेलवाल ने कहा कि रिद्धि-सिद्धि के दाता सिद्धिविनायक गणेश एवं धन की देवी महालक्ष्मी और धन के रक्षक कुबेर जी की पूजा प्रत्येक व्यापारिक प्रतिष्ठान, कार्यालयों तथा कारोबार के लिए समृद्धि लाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दीपावली पर वोकल फॉर लोकल के आह्वान एवं कैट की अपील पर दिल्ली सहित देशभर के व्यापारियों ने दीपावली के त्योहार को अपनी दीपावली-भारतीय दीपावली'' के रूप में मनाया।



खंडेलवाल ने कहा कि इस बार ख़ासतौर पर भारतीय उत्पादों को बेचने पर ही रहा, जिससे देशभर में लघु उद्योग, स्थानीय शिल्पकारों, कलाकारों, कारीगरों आदि ने अपने बनाये हुए उत्पाद का बड़ा व्यापार किया। देश के लोगों ने भी लोकल उत्पाद ही ख़रीदे। कैट महामंत्री ने बताया कि सदियों से भारत में व्यापारी दीपावली के अवसर पर अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर परंपरागत रूप से पूजा करते आ रहे हैं लेकिन बदलते समय के साथ अब अधिकांश कारोबार डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से हो रहा है। इसलिए दीपावली की पूजा में आज देशभर के व्यापारियों ने दीपावली पूजा में बही-खातों के साथ सभी प्रकार के डिजिटल टूल की भी पूजा की। उन्होंने कहा कि दीपावली पूजा पर व्यापारियों ने पूजन में जहां गणेश जी, लक्ष्मी जी, कुबेर जी और हनुमान जी की पूजा की। कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, एयर पॉड, बायोमेट्रिक मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कैश टेलर, डिजिटल भुगतान के लिए पोस टर्मिनल आदि को भी पूजा में शामिल किया गया। इसके साथ ही जीएसटी पोर्टल की भी पूजा की गई, क्योंकि अब सारा व्यापार जीएसटी के पोर्टल के द्वारा ही होता है। परंपरागत बही खातों का स्थान जीएसटी पोर्टल तथा अनेक प्रकार के जीएसटी सॉफ्टवेयर ने ले लिया है। खंडेलवाल ने कहा कि आज दीपावली की पूजा में डिजिटल मशीनों की पूजा कर देशभर के व्यापारियों ने इस बात का मजबूत संदेश दिया है कि जहां व्यापारी वर्ग भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन मान्यताओं के अनुसार कार्य करता है, वहीं दूसरी ओर बदले समय के साथ व्यापार करने के लिए जरूरी आधुनिक तकनीक को अपनाने में भी किसी तरह से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिन विदेशी कंपनियों को लगता है कि वो भारत के व्यापार पर अपनी कुटिल नीतियों ने चलते कब्ज़ा कर लेंगे, उन्हें अपने दिवा स्वप्न से बाहर निकल आना चाहिए। भारत का व्यापार भारतीय व्यापारियों एवं ग्राहकों के हाथ में था और रहेगा।

# कैट का दावा- रूप चतुर्दशी पर देशभर में 15 हजार करोड़ रुपये का सौंदर्य प्रसाधन बिका

**नई दिल्ली।** देशभर में दिपावली का त्योहार बेहद उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कोरोना महामारी के बाद पहली बार बाजारों में रौनक और ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। राजधानी दिल्ली सहित देश के सभी बाजारों में जबरदस्त व्यापार हो रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पूर्व में जारी एक अनुमान में इस वर्ष दिवाली के त्योहारी सीजन में करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का आंकलन किया गया है, जो निश्चित रूप से पार होने जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि दिपावली त्योहार के इसी कड़ी में आज देशभर में रूप चतुर्दशी मनाई जा रही है। खंडेलवाल ने कहा कि इस दिन सौंदर्य प्रसाधन खरीदने की बड़ी मान्यता है। महिलाओं द्वारा आज के दिन अन्य वस्तुओं के अलावा विशेष रूप से ब्यूटी कास्मेटिक्स एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधन खरीदे जाते हैं। कैट के मुताबिक आज देशभर में करीब 15 हजार करोड़ रुपये के ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री हुई है।



कैट महामंत्री ने कहा कि आज बड़ी मात्रा में कुम्हारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये, मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति, वन्दनवार, शुभ लाभ के चित्र, कृतिम फूलों की लड़ी, लक्ष्मी जी के शुभ पैरों के प्रत्येक चिन्ह के चित्र आदि भी खीरीदे जाएंगे। एक अनुमान के अनुसार देशभर में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के इन सामानों की बिक्री हुई। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के आह्वान के बाद इन वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफा हो रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि कल देशभर में दिपावली पूजा तथा घरों को सजाने के लिए फल एवं फूलों का बड़ा कारोबार होगा। उन्होंने कहा कि देश में करीब 5 हजार करोड़ के फूल बिकेंगे। इन फूलों में खासतौर पर कमल का फूल, गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, मोगरा, कनेर, गोदावरी एवं चमेली की ज़्यादा बिक्री होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली तथा देशभर में व्यापारी अपनी दुकानों पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करेंगे और ग्राहकों के खरीदी व्यवहार को देखते हुए टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए इस बार व्यापारियों द्वारा दिपावली पूजा में बायोमेट्रिक मशीन, पेमेंट उपकरण एवं मोबाइल से लगने वाले एयर पॉड की भी पूजा की जाएगी।

## शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार का बाजार मूल्यांकन 23,417 करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली:** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 23,417.15 करोड़ रुपए गिर गया। इनमें प्रमुख आईटी कंपनियों इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 540.9 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और इंफोसिस को बाजार पूंजीकरण में कमी का सामना करना पड़ा।




दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन संयुक्त रूप से 17,386.45 करोड़ रुपए बढ़ा। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 8,465.09 करोड़ रुपए घटकर 5,68,064.77 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 6,604.59 करोड़ रुपए की गिरावट हुई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 5,133.85 करोड़ रुपए घटकर 5,84,284.61 करोड़ रुपए और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 3,213.62 करोड़ रुपए घटकर 15,65,781.62 करोड़ रुपए रह गया। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 5,236.31 करोड़ रुपए बढ़कर 11,31,079.20 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने 3,520.92 करोड़ रुपए जोड़े, जिससे उसका बाजार मूल्यांकन 6,57,563.38 करोड़ रुपए हो गया। भारतीय स्टेट बैंक ने 1,115.58 करोड़ रुपए जोड़े, जिससे उसका बाजार मूल्यांकन 5,17,092.02 करोड़ रुपए हो गया।

# बीएसई का दूसरी तिमाही में मुनाफा चार गुना उछल कर 118 करोड़ रुपये

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश का प्रमुख शेयर बाजार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में बीएसई का मुनाफा चार गुना उछल कर 118 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बीएसई का शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपये रहा था।

बीएसई ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बीएसई को 29.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बीएसई के मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 फीसदी बढ़ कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 240 करोड़ रुपये था।




इसी तरह इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपये था। बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरमन राममूर्ति ने कहा कि हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे। इस प्रकार दीर्घकालिक विकास शेयरधारकों को आगे बढ़ाने और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे।

## तेल कीमतों, उत्पादन में गिरावट के कारण ONGC का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 20त्न घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घट गया। कंपनी ने बताया कि तेल की कीमतों और उत्पादन में गिरावट के कारण उसका मुनाफा घटा। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में 10,216 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 12,826 करोड़ रुपए था। ओएनजीसी के शुद्ध लाभ में लगातार दूसरी तिमाही के दौरान गिरावट हुई है। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही में उसका मुनाफा 34 फीसदी घटा था।

ओएनजीसी ने नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित प्रत्येक बैरल कच्चे तेल के लिए 84.84 अमेरिकी डॉलर कमाए। ओएनजीसी की निदेशक (वित्त) पोमिला जसपाल ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट की मुख्य वजह तेल की कम कीमतें हैं। साथ ही तेल और गैस का उत्पादन पिछले साल की तुलना में थोड़ा कम रहा। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इसमें सुधार होगा, क्योंकि कंपनी केजी बेसिन में एक तेल क्षेत्र का उत्पादन शुरू कर देगी। कंपनी की कुल आय 8.2 प्रतिशत गिरकर 35,162 करोड़ रुपए रही। ओएनजीसी ने कहा कि कच्चे तेल का उत्पादन 1.9 प्रतिशत कम होकर 45.4 करोड़ टन रहा, जबकि गैस उत्पादन तीन प्रतिशत गिरकर 5.01 अरब क्यूबिक मीटर रहा।

# मूडीज ने अमेरिकी सरकार के ऋण पर अपने आउटलुक को स्थिर से नकारात्मक किया

**नई दिल्ली।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बढ़ती ब्याज दरों की लागत और कांग्रेस में राजनीतिक ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए अमेरिकी सरकार के ऋण पर अपने दृष्टिकोण को 'स्थिर' से 'नकारात्मक' में बदल दिया

मूडीज ने अमेरिकी सरकार

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

कहा है कि अगस्त में फिच के डाउनग्रेड का इस वृद्धि में योगदान




हो सकता है। हालांकि इसके और कई कारण हैं और उनमें एक मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए फेडरल रिजर्व की अपनी बेंचमार्क दर को 22 साल के उच्च स्तर पर रखने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा, उच्च ब्याज दरों के संदर्भ में, सरकारी खर्च को कम करने या राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी राजकोषीय नीति उपायों के बिना, मूडीज को उम्मीद है कि अमेरिका का राजकोषीय घाटा बहुत बड़ा बना रहेगा, जिससे ऋण सामर्थ्य काफी कमजोर हो जाएगा।

**बाइडन प्रशासन ने की मूडीज के फैसले की आलोचना**

बाइडन प्रशासन ने मूडीज के फैसले की आलोचना की है। उप वित्त मंत्री वैली एडेयेमो ने कहा, मूडीज के बयान में अमेरिका की एएए रेटिंग बरकरार रखी गई है, लेकिन हम नकारात्मक परिदृश्य में बदलाव से असहमत हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, और ट्रेजरी प्रतिभूतियां दुनिया की प्रमुख सुरक्षित और तरल संपत्ति हैं। संघीय सरकार का बजट घाटा 30 सितंबर को समाप्त हुए बजट वर्ष में उछलकर 1,700 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल 1,380 अरब डॉलर था। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि ब्याज दरें बढ़ने के साथ, राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज लागत कर राजस्व के बढ़ते हिस्से को खा जाएगी।कांग्रेस के सांसद 17 नवंबर तक संभावित सरकारी शटडाउन से बचने की योजना के बिना सप्ताहांत के लिए वाशिंगटन से रवाना हो गए। मूडीज ने अमेरिकी ऋण पर अपने दृष्टिकोण को कम करने के लिए कांग्रेस की शिथिलता का हवाला दिया। मूडीज ने कहा, हाल में कई घटनाओं ने अमेरिका में राजनीतिक विभाजन की गहराई को दर्शाया है। नए सिरे से कर्ज की सीमा खत्म होना, अमेरिकी इतिहास में पहली बार हाउस स्पीकर को पद से हटाना, नए हाउस स्पीकर का चयन करने में कांग्रेस की लंबे समय तक अक्षमता से एक और आंशिक सरकारी शटडाउन का खतरा बढ़ गया है।

# सिग्नेचर ग्लोबल को वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री बुकिंग में 31 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल ने 2022-23 में 3,430.58 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की थी, जो उसके पिछले वर्ष से 32 प्रतिशत अधिक थी। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, '' हमने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 1,861 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग (प्री-सेल्स) की है, जो पिछले साल की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। ''

पूरे वित्त वर्ष की बिक्री बुकिंग पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' हम पूरे वित्त वर्ष में 4,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग की उम्मीद कर रहे हैं।'' अग्रवाल ने कहा कि कीमतों के साथ-साथ आवास ऋण पर ब्याज में बढ़ोतरी के बावजूद किफायती तथा मध्यम आय वाले आवास की मांग मजबूत बनी हुई है।



उन्होंने कहा कि मांग में इस वृद्धि का फायदा उठाने के लिए कंपनी इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान कुछ बड़ी परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी भविष्य में आवास परियोजनाएं विकसित करने के लिए सीधे तथा संयुक्त उद्यम के जरिए भूमि अधिग्रहण करना चाहती है। उन्होंने कहा, '' व्यवसाय परिचालन अधिशेष उत्पन्न कर रहा है और इससे वृद्धि को समर्थन मिलेगा।'' अग्रवाल ने कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की आय से ऋण स्तर में काफी कमी आई है। सिग्नेचर ग्लोबल सितंबर में 730 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लाया था, जो सफल रहा था। हालांकि, कंपनी ने हाल ही में इस वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 19.92 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा होने की जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 59.25 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर अवधि में कुल आय घटकर 121.16 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष समान अवधि में यह 135.68 करोड़ रुपये रही थी। वहीं कुल खर्च घटकर 144.84 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 223.33 करोड़ रुपये था।

# दीवाली के बाद और सस्ते हुए सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** दीवाली के अगले दिन सोने-चांदी की वायदा कीमतों में सुस्ती देखने को मिली। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव गिरकर 60 हजार रुपए से नीचे और चांदी के वायदा भाव 70 हजार रुपए से नीचे कारोबार कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तो तेजी के साथ हुई लेकिन बाद में चांदी की वायदा कीमत सुस्त पड गई।

**सोने के वायदा भाव गिरे**

सोने के वायदा भाव की आज शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 53 रुपए की गिरावट के साथ 59,699 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 152 रुपए की गिरावट के साथ 59,600 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,699 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,559 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी आज नरमी के साथ हुई और इसके भाव 70 हजार रुपए से नीचे चले गए। स्ब्ङ्क पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 532 रुपए की गिरावट के साथ 69,500 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 679 रुपए की गिरावट के साथ 69,353 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,050 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 69,311 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत तेजी के साथ हुई लेकिन चांदी के वायदा भाव में तेजी बरकरार नहीं रह सकी और इसके भाव बाद में नरम पड गए। Come& पर सोना 1943.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।